Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 123 | मंगलवार, 06 मई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## बंद कमरे में हो रहा मंथन

# भारत-पाकिस्तान तनाव को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक

**नई दिल्ली।**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्ते तनावपूर्ण हैं। आज संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (वठरउ) में बंद कमरे में दोनों एशियाई ताकतों और आतंकी हमले के लगभग दो हफ्ते बाद के हालात पर चर्चा हो रही है। बता दें कि अमेरिका, ब्रिटेन, रूस जैसी वैश्विक ताकतों के अलावा यूएन भी दोनों देशों से संयम बरतने और युद्ध से बचने की अपील की है। भारतीय समय के अनुसार देर रात एक बजे बंद कमरे में पाकिस्तान की मांग पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक शुरू हुई। पाकिस्तान अभी परिषद का अस्थायी सदस्य है जबकि भारत अभी इसका सदस्य नहीं है। पाकिस्तान की मांग पर परिषद के वर्तमान अध्यक्ष ग्रीस ने बैठक के लिए पांच मई की तारीख तय की। बैठक में सुरक्षा परिषद के राजनीतिक और शांतिस्थापना मामलों के विभाग में मध्य पूर्व, एशिया और प्रशांत क्षेत्र के महासचिव खालिद मोहम्मद खियरी सदस्यों को मामले से अवगत करा रहे हैं। खियरी शांति अभियान विभाग के भी महासचिव हैं। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत असिम इफ्तेखार अहमद बैठक के बाद पत्रकारों को इसके बारे में जानकारी दे सकते हैं। वहीं, संयुक्त राष्ट्र में भारत के पूर्व स्थायी प्रतिनिधि राजदूत सैयद अकबरुद्दीन ने मीडिया से कहा कि ऐसी चर्चा से कोई परिणाम निकलने की उम्मीद नहीं की जा सकती है, जिसमें संघर्ष में शामिल एक पक्ष परिषद की अपनी सदस्यता का उपयोग करके धारणाओं को आकार देने की कोशिश करता हो। भारत ऐसे किसी भी पाकिस्तानी प्रयासों को विफल कर देगा।



## सार संक्षेप

### शीर्ष अमेरिकी सैन्य नेतृत्व के पद 20% कम होंगे



**नई दिल्ली।**

अमेरिकी सेना में भी अब छंटनी होगी। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सेना को निर्देश दिया है कि वह अपने चार स्टार जनरल रैंक के अधिकारियों की संख्या में 20 फीसदी की कमी करे।

इसके अलावा, उन्होंने नेशनल गार्ड को भी अपने शीर्ष पदों में 20 फीसदी की कटौती करने को कहा है। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सोमवार को सेना को निर्देश दिया है कि वह अपने ऐसे अधिकारियों की संख्या में 20 फीसदी की कमी करे, जिन्हें चार स्टार मिले हुए हैं। ट्रंप प्रशासन चाहता है कि सेना अपने बड़े अफसरों की संख्या कम करके व्यवस्था को बेहतर बनाए। इसके अलावा, रक्षा मंत्री हेगसेथ ने नेशनल गार्ड को भी अपने शीर्ष पदों में से 20 फीसदी की कटौती करने को कहा है। सोमवार को जारी एक ज्ञापन में, हेगसेथ ने कहा कि कटौती से सेना की नेतृत्व व्यवस्था को बेहतर और आसान बनाया जा सकेगा, और जो पद जरूरी नहीं हैं, उन्हें हटाया जा सकेगा।

### बारिश ने बिगाड़ा सनराइजर्स हैदराबाद का खेल, प्लेऑफ की दौड़ से हुई बाहर

**नई दिल्ली।**

सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला गया मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया। इसके बाद दोनों टीमों को एक-एक अंक दे दिया गया। अब दिल्ली के खाते में 13 अंक हो गए हैं और वह पांचवें स्थान पर मौजूद है। वहीं, हैदराबाद सात अंकों के साथ आठवें स्थान पर पहुंच गई है। सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला गया मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया। इसके बाद दोनों टीमों को एक-एक अंक दे दिया गया। अब दिल्ली के खाते में 13 अंक हो गए हैं और वह पांचवें स्थान पर मौजूद है। वहीं, हैदराबाद सात अंकों के साथ आठवें स्थान पर पहुंच गई है। सोमवार को खेले गए मुकाबले में दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट खोकर 133 रन बनाए थे। हालांकि, बारिश के कारण हैदराबाद की पारी शुरू नहीं हो सकी। इसी के साथ पैट कमिंस की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई जबकि अक्षर पटेल की टीम की उम्मीदें अब भी बरकरार हैं।



## वीडी सावरकर के मुंबई आवास का हो सकता है पुनर्विकास

**नई दिल्ली।**



हिंदुत्व विचारक और स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर के मुंबई के शिवाजी पार्क इलाके में मौजूद आवास 'सावरकर सदन' का पुनर्विकास किया जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि इमारत में रहने वाले कुछ लोग पुनर्विकास के लिए निजी बिल्डर के साथ बातचीत कर रहे हैं। हालांकि, स्वातंत्र्यवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट का कहना है कि उसे कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं मिला है।

मुंबई के शिवाजी पार्क इलाके में मौजूद स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर के आवास 'सावरकर सदन' का पुनर्विकास किया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, इमारत में रहने वाले कई लोग कथित तौर पर एक निजी बिल्डर के साथ बातचीत कर रहे हैं। बता दें कि स्वातंत्र्यवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट के पास ग्राउंड फ्लोर पर एक कमरा है, जो एक छोटे संग्रहालय के रूप में कार्य करता है।

## पाकिस्तान से 10 गुना बड़ी भारत की इकोनॉमी, 8 गुना अधिक रक्षा बजट

**नई दिल्ली।**



भारत और पाकिस्तान के बीच तरक्की का जो फासला है, उसकी कोई तुलना नहीं की जा सकती है। अर्थव्यवस्था की बात करें तो हमारी अर्थव्यवस्था पाकिस्तान से करीब 10 गुना बड़ी है। हमारी अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। हमारी आबादी बढ़ने की दर करीब दो प्रतिशत है।

इसके हिसाब से हर भारतीय सालाना करीब चार प्रतिशत अमीर हो रहा है। वहीं पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था करीब दो प्रतिशत की दर से बढ़ रही है और उसकी आबादी भी करीब इसी दर से बढ़ रही है। ऐसे में पाकिस्तान के लोग वहीं खड़े हैं उनकी आय नहीं बढ़ रही है। व्यापार की बात करें तो भारत और आयात निर्यात मिलाकर करीब एक खरब डॉलर से ज्यादा है, वहीं पाकिस्तान का व्यापार 100 अरब डॉलर ही है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार करीब 700 अरब डॉलर का है और पाकिस्तान के पास सिर्फ करीब 15 अरब डॉलर हैं। वह भी उसने यहां वहां से मांग कर किसी तरह जुटाया है तो अर्थव्यवस्था लें ले या कोई और क्षेत्र दोनों देशों की कोई तुलना नहीं है। अब सैन्य शक्ति की बात करें तो यहां एक विरोधाभास है। हमारा रक्षा बजट लगभग 80 अरब डॉलर है। पाकिस्तान का रक्षा बजट लगभग 10 अरब डॉलर है, लेकिन विडंबना यह है कि भारत और पाकिस्तान के पास जिस तरह के हथियार है, उसमें बहुत अंतर नहीं है। हथियार, रक्षा तकनीक और वायुसेना के मामले में पाकिस्तान कहीं न कहीं भारत की क्षमताओं के आसपास ही है, बहुत दूर नहीं है। पाकिस्तान की बहुत सोची समझी रणनीति रही है कि सैन्य क्षमता के मामले में हम भारत का मुकाबला कैसे करें।

## पीएम मोदी ने पुतिन से फोन पर बात, दिल्ली में हाईलेवल मीटिंग

**नई दिल्ली।**



पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में बढ़ रहे तनाव के बीच सोमवार का दिन नई दिल्ली और इस्लामाबाद में काफी गतिविधियों वाला रहा। हमला करने वालों और उनको पनाह देने के वालों को दंडित करने का पहले ही ऐलान कर चुके पीएम नरेन्द्र मोदी के कार्यालय में कई कई उच्चस्तरीय बैठकें हुईं।

पहले उन्होंने एनएसए अजीत डोभाल के साथ मंत्रणा की फिर गृह सचिव की अगुवाई में एक टीम पीएम मोदी से खास तौर पर मिला। इसके बाद गृह मंत्रालय ने राज्यों को आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिक सुरक्षा को देखते हुए मॉक ड्रिल करने का निर्देश दिया। नागरिकों और छात्रों को खास तौर पर प्रशिक्षित करने का निर्देश दिया गया है ताकि किसी लड़ाई की स्थिति में वह अपने आपको सुरक्षित रख सकें।

इसी दौरान रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह भी पीएमओ पहुंचे। इससे पहले पीएम मोदी की रूस की राष्ट्रपति पुतिन से टेलीफोन पर बात हुई। राष्ट्रपति पुतिन ने आतंकवाद के खिलाफ भारत को पूरी मदद करने का आश्वासन दिया है। पहलगाम हमले (22 अप्रैल) के बाद पीएम मोदी की भी तक 16 देशों के प्रमुखों के साथ बात हो चुकी है। उधर, इस्लामाबाद की गतिविधियां साफ बता रही हैं कि भारत के तेवर देख पाकिस्तान में घबड़ाहट किस कदर से बढ़ी हुई है। पाकिस्तान के अभिन्न मित्र चीन के राजदूत की राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से मुलाकात हुई। मुलाकात के बारे में चीन ने तो कुछ नहीं कहा, लेकिन पाकिस्तान मीडिया में यह चलाया गया कि चीनी राजदूत ने आश्वासन दिया है कि दक्षिण एशिया में शांति स्थापित करने के लिए चीन पाकिस्तान की मदद करता रहेगा।

पाकिस्तान सरकार ने पहलगाम मामले पर अपना पक्ष रखने के लिए पूरी दुनिया में राजदूतों को भेजने का फैसला किया है। सोमवार शाम को एक बार फिर पाकिस्तानी संसद की विशेष बैठक बुलाई गई है। इसी बीच सोमवार को दोपहर ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अघारची इस्लामाबाद पहुंचे जहां उनकी पाकिस्तान के विदेश मंत्री मुहम्मद ईशाक दार से मुलाकात हुई। अघारची इसी हफ्ते गुरूवार को भारत आने वाले हैं। ईरान के संबंध भारत व पाक के साथ अच्छे हैं। ऐसे में ईरान की तरफ से कोशिश हो रही है।

### बजरंग दल कार्यकर्ता की हत्या के विरोध में लोगों ने किया प्रदर्शन

**चिकमंगलुरु।** बजरंग दल कार्यकर्ता सुहास शेट्टी की हत्या के विरोध में मार्च निकालने का प्रयास कर रहे 20 लोगों को पुलिस ने सोमवार को चिकमंगलुरु में हिरासत में लिया। सुहास की गुरुवार देर रात मंगलुरु में हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और अन्य संगठनों ने सोमवार को बंद का आह्वान किया। भाजपा जिला अध्यक्ष देवराज शेट्टी सहित 20 से अधिक लोगों को उस समय एहतियातन हिरासत में ले लिया गया।

## दिल्ली मेट्रो में जांच के दौरान 61 कारतूस बरामद

**नई दिल्ली।**

दिल्ली मेट्रो में जांच के दौरान पिछले ढाई साल में मेट्रो स्टेशनों पर जांच में 61 कारतूस बरामद किए हैं। इतना ही नहीं, इस दौरान छह पिस्टल भी पकड़े गए, जिनमें से पांच कट्टे शामिल थे, जो दिल्ली मेट्रो की सुरक्षा व्यवस्था पर कई सवाल खड़े करता है।

पुलिस के मेट्रो यूनिट के मुताबिक, इस साल 15 मार्च तक सात कारतूस और एक कट्टा बरामद किया गया। पिछले साल 2024 में 24 कारतूस और चार पिस्टल (जिनमें तीन कट्टे) पकड़े गए थे। वहीं 2023 में एक कट्टे के साथ 33 कारतूस बरामद किए गए थे। इन आंकड़ों के मुताबिक 2023 से 2024 में हथियारों की संख्या बढ़ी है, लेकिन कारतूस की संख्या में कमी आई है। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, यह बरामदगी मेट्रो स्टेशनों पर बढ़ाई गई सुरक्षा का नतीजा है। दिल्ली मेट्रो देश के सबसे व्यस्त सार्वजनिक परिवहन साधनों में से एक है, और इसे सुरक्षित रखना उनकी प्राथमिकता है। हमने सभी स्टेशनों पर सुरक्षा को और सख्त किया है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। हमारा मकसद हर यात्री को सुरक्षित माहौल देना है। मेट्रो की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल भी उठाए पुलिस की टीमें लगातार जांच कर रही हैं ताकि मेट्रो में किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि को रोका जा सके। हालांकि, इन बरामदगियों ने मेट्रो की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल भी उठाए हैं। इतनी सख्त जांच के बावजूद हथियार और कारतूस का मेट्रो स्टेशनों तक पहुंचना चिंता का विषय है। दिल्ली मेट्रो में हर दिन लाखों लोग सफर करते हैं और ऐसी घटनाएं यात्रियों के मन में डर पैदा कर सकती हैं। पुलिस का कहना है कि वे स्थिति पर पूरी नजर रखे हुए हैं और यात्रियों की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठा रहे हैं।



## मणिपुर में सुरक्षाबलों का एक्शन, 17 उग्रवादियों को किया गिरफ्तार



**चार जिलों से बरामद किए गए हथियार**

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने संयुक्त अभियान में मणिपुर के विभिन्न जिलों से 17 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। 31 हथियार, भारी मात्रा में गोला-बारूद भी बरामद किए हैं।

रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल अमित शुक्ला ने कहा कि सेना, असम राइफल्स, सीआरपीएफ, बीएसएफ, आइटीबीपी और मणिपुर पुलिस ने पिछले कुछ दिनों के दौरान संयुक्त अभियान में अत्याधुनिक हथियार, 14 इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), कई ग्रेनेड, गोला बारूद शामिल हैं। हथियार और गोला-बारूद मणिपुर के चार जिलों काकचिंग, तेंगनौपाल, बिष्णुपुर और कांगपोकपी से बरामद किए गए। बरामद हथियारों में सेल्फ लोडिंग राइफल (एसएलआर), दो सिंगल बैरल बंदूकें, एक बोल्ट एक्शन राइफल, इम्प्रोवाइज्ड लांचर (पोम्पी), एक पिस्तौल, कार्बाइन, एक इंसास राइफल, पीटी.22 राइफल शामिल हैं। लेफ्टिनेंट कर्नल शुक्ला ने कहा कि सेना, असम राइफल्स, अन्य सुरक्षा बलों और मणिपुर पुलिस द्वारा चलाए गए कई संयुक्त अभियानों में घाटी और पहाड़ी जिलों से विद्रोही समूहों के 17 उग्रवादियों को पकड़ा गया। इसके साथ ही एक पिस्तौल, मोबाइल फोन, दोपहिया वाहन आदि बरामद किए गए। उग्रवादियों और बरामद सामान को मणिपुर पुलिस को सौंप दिया गया है। पुलिस ने पिछले 24 घंटों के दौरान विशेष अभियान में तीन और चोरी के वाहन बरामद किए हैं। मणिपुर में जातीय च्हसा के बीच कारों और दोपहिया वाहनों की चोरी की खबरें सामने आई हैं।

## संपादक की कलम से

# साजिशों का दौर और

सियासी सिकुड ? में यह सिहरन कैसी, तेरे पांव की मेहंदी सफर पे नकली निकली। हिमाचल कांग्रेस के ताज को तख्त से शिकायत इतनी बढ़ गई कि अब सोशल मीडिया की तख्तियों पर बुखार चढ़ रहा है। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की एक पोस्ट ने चीरफाड़ शुरू की है, तो अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं ठियोग के विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने अपनी ही सरकार के फैसले को कुरेदना शुरू किया है। मुकेश अग्निहोत्री फरमाते हैं,साजिशों का दौर है, झूठ के पांव नहीं होते। इस पोस्ट के पीछे कसक है-कटौती है या गहरे पानी से निकलता कोई ज्वारभाटा, यह कांग्रेस का विलाप है जो किंकर्त्तव्यविमूढ़ परिस्थितियों में आलाकमान का दरबार सजा है। कांग्रेस में यह कौनसी साजिश है जिसे अग्निहोत्री सूंघ रहे हैं। विडंबना यह है कि पार्टी संगठन में अब अपनी बात कहने के लिए सोशल मीडिया के समुद्र छाने जाते हैं।



ललित शर्मा
संपादक

इससे पहले भी जब प्रदेश की सत्ता में तूफान आया था, तो इसकी पूर्व सूचना के लिए सोशल मीडिया की सुर्खियां आक्रोश की दिहाड़ी पर काम कर रही थीं। अब पुनः आक्रोश की दिहाडियों को गिना जा सकता है। सरकार में मुकेश अग्निहोत्री का रुतबा अगर रंजिश के दांव-पेंच में साजिशें गिन रहा है, तो यह शुभ सूचना नहीं हो सकती। यह सत्ता के मुलायम सफे कैसे हो सकते कि कोपभवन में सरकार के ही मुख्यमंत्री को अंदेशा है कि षड्यंत्र लिखा जा चुका है या झूठ के तराजू में इंसाफ हो रहा है। ये इशारों की भाषा में सत्य की कथनी हो सकती है या राजनीतिक सियारों की हूक भी हो सकती है, मगर दोनों ही स्थितियों में कालिख के कालीन पर कांग्रेस चल रही है। संगठन चुनावों के छिलके इतने उतर चुके हैं कि पार्टी फिर पुराने दौर के दोराहों पर दिशा भ्रम के संघर्ष में कमजोर-लाचार दिखाई दे रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में ठियोग के विधायक मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के उस फैसले को चुनौती देते हुए दिखाई दे रहे हैं, जहां सरकार शिमला को कुछ कार्यालयों के बोझ से निवृत्त करने जा रही है। पर्यटन विकास निगम मुख्यालय को धर्मशाला शिफ्ट करने को अंतिम मोहर लग चुकी है, तो ठियोग के विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने प्रश्नों का बखेड़ा करके इस फैसले को विरोध के मोर्चे पर खड़ा कर दिया है। व्यवस्था परिवर्तन की जिस टोह में मुख्यमंत्री निकले हैं, वहां शिमला के दबाव को मुक्त करने की गुंजाइश खोजी जा रही है। ऐसे में ताल से ताल मिलाने के बजाय राठौर ने विरोध की रार ठोंकी है। सियासत जब दुकान बनती है, तो हर मापतोल पर व्यापार होता है। आश्चर्य यह कि सरकार के हर फैसले पर अपनों की निगाह और अपने ही गवाह। गवाही यह कि उप मुख्यमंत्री को शिकायत है, तो एक विधायक को फैसला पसंद नहीं आया, तो मीडिया-मीडिया खेल शुरू हो गया। ऐसे में बिखराव के इस मंजर पर अनुशासित होने के लिए आदेश कौन पारित करेगा। इन दोनों नेताओं ने अपनी बात कहने के लिए सोशल व मेन स्ट्रीम मीडिया का ही प्रयोग क्यों किया। अपनों के साथ बात करने का तरीका अपने आप में बहुत कुछ कहता है। दूरियां हैं या फैसलों से फासले पैदा हो रहे हैं। आपत्तियां हो सकती हैं, लेकिन यहां तो मकबरे चिन कर बताया जा रहा है कि कोई सुला दिया गया नमाज पढ ? से पहले। आश्चर्य यह कि अन्य राज्यों के भूत अब प्रदेश कांग्रेस के पलड़े पर आकर बैठे महसूस हो रहे हैं। अपनी ही पार्टी अपनी ही सत्ता के शिकायती टोकरों में मुंह छिपाती घूम रही है।

# ऐतिहासिक निर्णय है जातिगत जनगणना



**हिन्दू जीवन के सभी सोलह संस्कारों तथा पूजा एवं दान के संकल्प में गोत्र का नाम लिया जाना अनिवार्य होता है**

पत्रकार वार्ता में जातिगत जनगणना के निर्णय की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जातिगत जनगणना कराना समता, समरसता, सुशासन और सामाजिक न्याय के एक नये युग का आरंभ है। अब जातिगत जनगणना का मुद्दा पूरी तरह से बीजेपी के पाले में है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछकर किये गये हिन्दू नरसंहार के बाद जनमानस में उपजे आक्रोष और पाकिस्तान पर कार्यवाही की प्रतीक्षा कर रहा आम जनमानस तथा राजनैतिक दल उस समय हैरान रह गए जब केंद्र सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का बड़ा निर्णय सुनाया। केंद्र सरकार का यह निर्णय आते ही देश का राजनैतिक विमर्श जातिगत जनगणना पर केन्द्रित हो गया। आमजन यद्यपि यह सोच रहा है कि इस समय जब हम आतंकवादियों के शवों की प्रतीक्षा कर रहे हैं उस समय प्रधानमंत्री जी को ये क्या सूझ पड़ी, किन्तु आश्वस्त है कि प्रधानमंत्री जी ने ऐसा किया है तो अवश्य इसके पीछे कुछ रणनीति होगी। उधर कांग्रेस के नेतृत्व में इंडी गठबंधन इसे अपनी विजय बताकर प्रसन्नता व्यक्त कर रहा है। कांग्रेस तो इतनी आतुर हो गई कि उसने सोशल मीडिया पर, सरकार उनकी, सिस्टम हमारा कैप्शन के साथ राहुल का प्रचार आरम्भ कर दिया, फिर उनको याद दिलाना पड़ा कि ये फिल्म में एक खलनायिका द्वारा कहे गए शब्द हैं जो आतंकवादियों के साथ है।

पहलगाम आतंकी हमले के पश्चात प्रधानमंत्री जी ने कदा रुख अपनाया है और कहा है, हम आतंकवादियों तथा उनके पीछे छुपे लोगों का धरती के अंत तक पीछा करेंगे और सजा देंगे। प्रधानमंत्री ने इस बार पाकिस्तान को कल्पना से अधिक दंड मिलने की बात भी कही है। संभव है, इस प्रक्रिया में समय लगे और लम्बे समय तक युद्ध की परिस्थितियां बनी रहें। उस समय में विपक्ष अपना राजनैतिक अस्तित्व बचाए रखने के लिए क्याद्दक्या कर सकता है ? स्वाभाविक रूप से जाती जनगणना जैसे मुद्दों को हवा देगा। भारत की अवश्यम्भावी विजय के उपरांत विपक्ष के पास क्या मुद्दा होगा? स्वाभाविक है वो पुनः अत्यंत आक्रामक रूप से जातिगत जनगणना के मुद्दे को उठाएगा यही कारण है कि केंद्र सरकार ने पहले ही जातिगत जनगणना का निर्णय लेकर उन वर्गों की चिंताओं को दूर कर दिया है जो मानती है कि जातिगत जनगणना उनके पक्ष में होगी और जिनको विश्वास में लेकर राहुल गाँधी तथा उनके मित्र देश और समाज का वातावरण बिगाड़ सकते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सामाजिक समरसता के विचारों को आत्मसात करते हुए तथा संघ को अपने निर्णय में साथ लेकर केंद्र सरकार ने यह निर्णय लिया है।

कांग्रेस ने जातिगत जनगणना को एक राजनतिक हथियार के रूप में उपयोग करके 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के मिशन 400 को पूरा होने से रोक दिया यद्यपि उसके बाद हरियाणा, दिल्ली और महाराष्ट्र में भाजपा के नए नारों एक रहेंगे नेक रहेंगे और बटेंगे तो कटेंगे ने परिस्थितियाँ पूरी तरह बदल दीं। वर्तमान में भारत -पाक के मध्य चल रहे तनाव के समय सरकार द्वारा लिया गया जातिगत जनगणना का निर्णय विपक्ष के लिए तनाव पैदा करने है भले ही इस समय वो इस फैसले को अपनी जीत मानकर जश्न मना रहा है। वास्तविकता यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सहयोगियों व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ मिलकर विरोधी दलों के खतरनाक राजनीतिक एजेंडे पर पॉलटिकिल सर्जिकल स्ट्राइक कर दी है और एक बड़ा मुद्दा उनके हाथों से छीन लिया है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सदन और सदन के बाहर हमेशा यही कहते थे कि जब भी हमें मौका मिलेगा हम संसद से जातिगत जनगणना का प्रस्ताव पारित करवाकर रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी जी ने उनके इस कथन का पटाक्षेप कर दिया है और यह भी स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस जातिगत जनगणना पर केवल राजनीति ही करती रही है।

वर्ष 1931 में जब देश में अंग्रेजों की सरकार थी तब जातिगत जनगणना हुई थी, स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में अधिकांश समय कांग्रेस की सरकारें ही रहीं किंतु कांग्रेस ने कभी भी जातिगत जनगणना करवाने का साहस नहीं किया अपितु पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह सरकार के गृहमंत्री पी चिदम्बरम तक ने सदन मे खड़े होकर 16 बिन्दुओं को आधार मानकर जातिगत जनगणना का कड़ा विरोध किया था और इसे देशहित के खिलाफ बताया था। यह एक कटु सत्य है किआज जिस कांग्रेस के नेता राहुल गाँधी जातिगत जनगणना के नाम पर देश को अराजकता की आग में झोकने का प्रयास कर रहे हैं उस कांग्रेस ने जातिगत जनगणना का हमेशा विरोध किया और इसे लागू नहीं होने दिया। पत्रकार वार्ता में जातिगत जनगणना के निर्णय की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जातिगत जनगणना कराना समता, समरसता, सुशासन और सामाजिक न्याय के एक नये युग का आरंभ है। अब जातिगत जनगणना का मुद्दा पूरी तरह से बीजेपी के पाले में है। भाजपा ने कभी भी जातिगत जनगणना का विरोध नहीं किया। स्मरणीय है कि जब बिहार के वर्तमान मुख्यमंत्री नीतिश कुमार इंडी गठबंधन में शामिल थे और उन्होंने जातिगत जनगणना को लेकर सर्वदलीय बैठक बुलाई थी तब बीजेपी ने भी उस बैठक में भाग लिया था और जातिगत जनगणना का समर्थन किया था यद्यपि बीजेपी को विपक्ष के तौर तरीकों पर आपत्ति थी क्योंकि जनगणना मूलतः केंद सरकार का विषय है और इसमें राज्य सरकारों की कोई भूमिका नहीं है।

अभी तक जिन राज्यों में यह जनगणना हुई है वह राजनीति से प्रेरित तथा सामाजिक तनाव बढ़ाने वाली रही है। केंद्र सरकार की जातिगत जनगणना से पहली बार वास्तविक आंकड़े सामने आयेंगे। इस जनगणना के माध्यम से कई चीजे स्पष्ट हो सकेंगी जिसमें एक यह बड़ा मुददा भी है कि हर जाति के दंबग लोग ही आरक्षण का लाभ उठाते चले आ रहे हैं जबकि उन्हीं जातियों और समाज के अन्य लोग पिछड़ते ही चले जा रहे हैं, उन्हें आरक्षण व सरकार की अन्य सुविधाओं का प्रत्यक्ष लाभ नहीं मिल पा रहा है अर्थात क्रीमिलेयर का भी वास्तविक वर्गीकरण हो सकेगा। विपक्ष की जातिगत जनगणना केवल हिंदू समाज को जातियों में विभाजित करने की नीयत से थी जबकि मोदी सरकार अब संपूर्णता के आधार पर जातिगत जनगणना कराने जा रही हैं देश के इतिहास में पहली बार मुस्लिम समाज की जातियों की भी जनगणना होने जा रही है। इस जनगणना के माध्यम से धर्मांतरण करने वालों का आंकड़ा भी जुटाया जायेगा। धर्म परिवर्तन करने के कारण देश के कई हिस्सों की जनसंख्या और भौगोलिक संरचना में तेजी से बदलाव देखा गया है ।ऐसे में सरकार के यह भी पता करने का इरादा है कि किन धर्मों और जाति विशेष के लोगों में धर्मांतरण हुआ और किस हिस्से में इसका प्रभाव अधिक है। जातिगत जनगणना का परिणाम सामने आने के बाद सामाजिक आर्थिक स्थिति का सटीक डेटा मिल सकेगा। वंचित समूहों के लिए नीतियां बनाने में मदद मिल सकेगी संसाधनों और अवसरो का समान वितरण हो सकेगा तथा समाजिक असमानता को कम करने में मदद मिलने के साथ जाति व्यवस्था के कारण होने वाले भेदभाव की समस्या का भी समाधान हो सकेगा। जातिगत जनगणना पर संघ का द्दष्टिकोण भी स्पष्ट है कि यदि जातिगत जनगणना का उद्देश्य न्याय और कल्याण है तो समर्थन योग्य है और यदि उसका उद्देश्य राजनीति और समाज को बांटना है तो उसका सदैव विरोध है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इस निर्णय का समर्थन किया है। संघ का विचार है कि जाति का अंत आांकड़ों से नहीं, आत्मीयता से होगा लेकिन आंकड़ो के बिना न तो नीति बनेगी न्याय मिलेगा। वैसे भी संघ का मूल कार्य सामाजिक समरसता ही है और वह आगामी समय में सामाजिक समरसता का एक महा अभियान चलाने वाला है। वर्तमान जातिगत जनगणना का स्वरूप संघ के द्दष्टिकोण से मेल खाता है।

जातिगत जनगणना की बात सामने आने पर कई विचारक इसमें सनातनी गोत्र को भी जोड़े जाने की मांग कर रहे हैं क्योंकि हिन्दू समाज की रचना में गोत्र, किसी भी समाज के सनातन ऋषि परम्परा से जुडाव को स्थापित करता है।

## संजीव ठाकुर



### संजीव-नी।

### कविता

मां में ही ईश्वर।
मैंने ईश्वर को नहीं देखा
पर पैदा होने से अब तक
मां को देखा
मां में मुझे ईश्वर दिखाई
दिए।
मैंने कभी पर्वत नहीं देखे थे
पिता को देखा ध्यान से
मुझे पर्वत और चट्टान
दिखाइ दिए,
कहते हैं पर्वतों में
ईश्वर का वास होता है
मैंने पिता के चेहरे
में ईश्वर देखा।
फिर जीवन में पत्नी आई
पत्नी का चेहरा
मां
से मिलता जुलता।
फिर बिटिया हुई
बिटिया को देखा
बिटिया में मां दिखाई दी
फिर बिटिया और मां में
साक्षात लक्ष्मी पार्वती
दिखाई दी,
मान लो तो देवता है
वरना एक पत्थर ही तो है,
बिटिया में मां पत्नी
दोनों दिखाई दी
दोनों ईश्वर की प्रतिमान।
मां के चले जाने के बाद
बिटिया और पत्नी में
पूरी पूरी मां दिखाई देती है
उस मां के चेहरे में
ईश्वर के दर्शन हो जाते हैं।
पर मैंने ईश्वर को नहीं देखा
बेटी पत्नी और मां को देखा
सचमुच सीधे और सपाट
भाव में ईश्वर को देख
लिया,
मां अब हर स्त्री के चेहरे
में स्पष्ट दिखाई देती है
और हर स्त्री के चेहरे में
अब
निश्चल भाव से
ईश्वर दिखाई देते हैं।
मैंने ईश्वर को नहीं देखा
पर मां को देखा था
अब ईश्वर को देख
लिया
क्योंकि मां होती है

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# भारत-पाक युद्ध की दस्तक - 54 वर्षों बाद 7 मई 2025 को राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों को केंद्र ने सिविल डिफेन्स मॉक ड्रिल के आदेश जारी किए



गोंदिया



वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ की नजरें भारत पर लगी हुई है कि भारत कब पाक के खिलाफ मिलट्री एक्शन शुरू करता है। हालांकि इसपर भारतीय नागरिकों की भी नजरें लगी हुई है, जिससे ऐसा महसूस हो रहा है कि अब समय आ गया है कि पाक पर मिलिट्री कार्यवाही जल थल वायु जो किसी भी स्थिति में हो, शुरू करने की जरूरत है,परंतु मेरा मानना है कि अभी जो भारत सरकार उच्चस्तर पर रणनीति के तहत चल रही है, वह सही भी है क्योंकि युद्ध शुरू करने के पहले उसके लॉन्ग टाइम इफेक्ट्स, नागरिकों पर प्रभाव, अंतर्राष्ट्रीय सोच सहयोग सहित अनेक कूटनीतिक, डिप्लोमेसी सहित अनेक रणनीतियां होती है,जिससे दुश्मन को आधा परास्त तो ऐसे ही कर दिया जाता है, बाकी बचाकुचा तीनों अंगों की सैन्य कार्रवाई से पूरा हो सकता है। 5 मई 2025 को देर शाम केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सिविल मॉक ड्रिल के आदेश जारी कर दिए गए हैं जो सभी राज्योंकेंद्रशासित प्रदेशों को 7 मई 2025 को करने होंगे, इसके पहले पाक को घुटने टिकाने अनेक आदेश जारी किए गए हैं, अंतरराष्ट्रीय सहयोग प्राप्त कर रहे हैं, इसी कड़ी में 5 मई 2025 कोही रूस के राष्ट्रपति ने भी संचार माध्यम से भारतीय पीएम से बात कर अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के खिलाफ प्रतिबद्धता जताई।अब सिविल मॉक ड्रिल आदेश को आधार बनाकर आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,भारत-पाक युद्ध की दस्तक ?54 वर्षों के बाद 7 मई 2025 को सभी राज्यों केंद्र शासित प्रदेशों को केंद्र ने सिविल मॉक ड्रिल के आदेश जारी किए हैं।

साथियों बात अगर हम भारत-पाक युद्ध की संभावित दस्तक की करें तो, गृह मंत्रालय ने 1971 के बाद पहली बार 7 मई को देशव्यापी सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के निर्देश दिए हैं।पीएम द्वारा पिछले 7 दिनों में तीनों सेना प्रमुखों और रक्षा सचिव से मुलाकातों के बाद सैन्य तैयारियों की समीक्षा की गई है, जिसमें कहा गया है कि भारत की प्रतिक्रिया का समय, तरीका और लक्ष्य तीनों सेनाएं खुद तय करेंगी।पाक से तनाव के बीच केंद्र सरकार ने देश के 244 जिलों में 7 मई को मॉक ड्रिल करने के लिए कहा है। इसमें नागरिकों को हमले के दौरान खुद को बचाने की ट्रेनिंग दी जाएगी। यह इसलिए किया जा रहा है ताकि युद्ध की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।7 मई को कौन-कौन से राज्यों में मॉक ड्रिल होगी। अभी इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।पाक से तनाव के बीच केंद्र सरकार ने देश के 244 जिलों में 7 मई को मॉक ड्रिल करने के लिए कहा है।इसमें नागरिकों को हमले के दौरान खुद को बचाने की ट्रेनिंग दी जाएगी।यह इसलिए किया जा रहा है ताकि युद्ध की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जासके।हालांकि रविवारसोमवार रात पंजाब के फिरोजपुर छावनी में ब्लैकआउट प्रैक्टिस की गई।इस दौरान गांवों और मोहल्लों में रात 9 बजे से 9:30 बजे तक बिजली बंद रही।दरअसल, 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बड़ा आतंकी हमला हुआ, जिसमें 26 लोगों की मौत हुई।इसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। सरकार किसी भी संभावित खतरे से पहले तैयारी करना चाहती है।

साथियों बात अगर हम सिविल डिफेंस मार्क ड्रिल को समझने की करें तो, (1) मॉक ड्रिल यानी एक तरह की ?प्रैक्टिस? जिसमें हम यह देखतेहैं कि अगर कोईइमरजेंसी (जैसे एयर स्ट्राइक या बम हमला) हो जाए, तो आम लोग और प्रशासन कैसे और कितनी जल्दी रिएक्ट करता है (2) ब्लैकआउट एक्सरसाइज का मतलब है कि एक तय समय के लिए पूरे इलाके की लाइटें बंद कर देना। इसका मकसद यह दिखाना होता है कि अगर दुश्मन देश हमला करे,तो इलाके को अंधेरे में कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है। इससे दुश्मन को निशाना साधने में मुश्किल होती है।ड्रिल में होंगे ये प्रमुख कदम - (1) एयर रेड सायरन की टेस्टिंग: दुश्मन हमले के समय चेतावनी देने वाले सायरनों की जांच और एक्टिवेशन होगा। (2) सिविल डिफेंसट्रेनिंग: आम लोगों को सिखाया जाएगा कि वे हमले के वक्त कैसे सुरक्षित रहें। (3) ब्लैकआउट की व्यवस्था: हमले के वक्त रोशनी पूरी तरह बंद करने की ट्रेनिंग दी जाएगी। (4) कैमो फ्लाज की तैयारी:देश के महत्वपूर्ण प्लांट्स और ठिकानों को छिपाने की तकनीक अपनाई जाएगी। (5) इवैक्यूएशन प्लान: आपात स्थिति में लोगों को निकालने की योजना को अपडेट किया जाएगा और उसका अभ्यास भी होगा।

साथियों बात अगर हम भारत पाक तनाव चरम परपहुंचने की करें तो,सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल करने का निर्देश दिया है। इसका मकसद है देश को किसी भी संभावित खतरे के लिए तैयार करना।ये ड्रिल देशवासियों को जागरूक करने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।गृह मंत्रालय ने राज्यों को कई अहम निर्देश दिए हैं।सबसे पहले,हवाई हमले कीचेतावनी देने वाली सायरन की जांच की जाएगी ताकि जरूरत पड़ने पर लोग तुरंत सतर्क हो सकें। इसके अलावा, आम नागरिकों और स्कूली बच्चों को ट्रेनिंग दी जाएगी कि हमले की स्थिति में खुद को कैसे सुरक्षित रखना है।

रात के समय ब्लैक आउट की प्रक्रिया को भी लागू किया जाएगा ताकि हवाई हमलों के दौरान शहरों की रोशनी दुश्मन को नजर न आए। महत्वपूर्ण इमारतों और ठिकानों को छिपाने के लिए छलावरण की तकनीक का इस्तेमाल होगा। साथ ही, आपातकाल में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने के लिए निकासी योजनाओं को अपडेट किया जा रहा हैँ। साथियों बात अगर हम पाक के खिलाफ मिलिट्री कार्रवाई की गूंज की करें तो, पहलगाम अटैक को पूरे दो हफ्ते हो गए हैं, आज 14 वां दिन है, इन 14 दिनों में सिर्फ बैठकें हुई हैं, बड़ी-बड़ी बैठकें, डिप्लोमेटिक एक्शन हुए हैं, पाक का पानी रोकने पर एक्शन हुआ, पाक का पैसा बंद करने पर भी बात हो रही है लेकिन सबसे बड़ा सवाल तो ये है कि 26 निर्दोष लोगों के हत्यारे पर सीधा हमला कब होगा, भारत पाक पर कब अटैक करेगा। भारत की सेना लाहौर, इस्लामाबाद का रुख कब करेगीइंडियन एयरफोर्स के जेट पाकिस्तान मिलिट्री के इंस्टॉलेशन को निशाना कब बनाएंगे,ये देश की मंशा है।देश यही चाहता है लेकिन ये कब होगा, ये कोई नहीं जानता।आज देश में लोग पूछ रहे हैं कि भारत ने अभी तक पाकिस्तान से पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला क्यों नहीं लिया है, अगर आज सरकार की भाषा में कहें तो भारत बदला लेगा और जरूर लेगा। लेकिन आज हम ये समझने की कोशिश करेंगे कि इस बदले में इतनी देरी क्यों हो रही है ? क्या ये देरी तैयारियों की वजह से है और क्या भारत ने अभी तक कुछ भी नहीं किया है ? हकीकत ये है कि अब तक भारत बिना हथियार चलाए पाकिस्तान के पसीने छुड़ा चुका है। हर मोर्चे पर घिर चुका पाकिस्तान बिना मार के रो रहा है। अब बस युद्ध का सायरन बजने ही वाला है और भारत ने अपने नागरिकों को भी युद्ध के लिए तैयार करना शुरू कर दिया है, सबसे पहले बात उस सवाल की जिसका जवाब इस वक्त देश के 140 करोड़ लोग जानना चाहते हैं और वो सवाल है कि पाकिस्तान से बदला लेने में इतना वक्त क्यों लग रहा है ? इस वक्त तो फिलहाल बस देश में एक ही नैरेटिव चल रहा है कि जनता बदला चाहती है।

# श्रीब्रजधाम आश्रम का त्रिदिवसीय 13वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

वेलकम इंडिया



**वृन्दावन।** वाराहघाट/परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीब्रजधाम आश्रम में मानव सेवा ट्रस्ट (रजि.) मुंबई के द्वारा श्रीब्रज धाम आश्रम का 13 वां मंगलमय त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव आश्रम के संस्थापक अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी अनंतानन्द महाराज के पावन सानिध्य में अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित संत-विद्वत सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त करते हुए श्रीब्रजधाम आश्रम के संस्थापक अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी अनंतानन्द महाराज ने कहा कि श्रीधाम वृन्दावन परब्रह्म परमेश्वर भगवान श्रीकृष्ण और उनकी आल्हादिनी शक्ति स्वरूपा श्रीराधा की पावन लीला भूमि है।यहां निवास पाने के लिए देवतागण भी लालायित रहते हैं।यहां केवल वही लोग आ पाते हैं, जो कि श्रीराधा रानी के परम्कृपापात्र होते हैं। अखंड दया धाम के संस्थापक महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद महाराज एवं चिंतामणि कुंज के अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी आदित्यानंद गिरि महाराज ने कहा कि संत, वृक्ष, नदी, गिरि एवं धरणी ये अपनी लिए नही जीते हैं।इनका निर्माण केवल और केवल परहित और कल्याण के लिए हुआ है।महामंडलेश्वर स्वामी अनन्तानंद महाराज ऐसे ही भगवदनिष्ठ संत हैं,जिन्होंने अपना समूचा जीवन प्रभु भक्ति, धर्म प्रचार एवं समाजसेवा के लिए पूर्णतः समर्पित किया हुआ है। प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं ब्रज भूमि कल्याण परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ ने कहा कि मानव सेवा ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी अनंतानन्द महाराज धर्म व अध्यात्म जगत के जाज्वल्यमान नक्षत्र हैं।उनके द्वारा समूचे विश्व में प्राचीन भारतीय वैदिक सनातन संस्कृति का जो प्रचार-प्रसार किया जा रहा है,वो अति प्रशंसनीय है। संत-विद्वत सम्मेलन में महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद गिरि महाराज (कनखल, हरिद्वार), महामंडलेश्वर स्वामी योगेंद्रानंद महाराज (हरिद्वार), भागवत प्रवक्ता आचार्य रामविलास चतुर्वेदी, महामंडलेश्वर स्वामी नवल गिरि महाराज, स्वामी सत्यानंद महाराज, आचार्य बद्रीश महाराज, सौरभ गौड़, महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज, आचार्य पीठाधीश्वर स्वामी यदुनंदनाचार्य महाराज, एडवोकेट कुंवर महेंद्र प्रताप सिंह, भागवताचार्य श्रीराम मुद्गल, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, दिनेश दास शास्त्री, स्वामी वेदानंद गिरि महाराज, महंत रामदेव चतुर्वेदी, युवराज वेदान्त आचार्य, ध्रुव शर्मा, स्वामी दीप्तानंद महाराज, आश्रम के प्रबन्धक निरंजन, स्वामी धर्मनंदन महाराज आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी पहुँचे खोली गांव

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर** , गोविन्द मेहता,जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने सोमवार को खोली स्थित निमार्णाधीन 50 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्माण की गुणवत्ता बनाए रखने और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों ने जिलाधिकारी को क्रिटिकल केयर यूनिट की योजना, डिजाइन और अब तक की कार्य प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। जिलाधिकारी ने पूरे निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया और चेताया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कार्यदाई संस्था के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का भी पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था से निर्माण कार्य में तेजी लाने और आवश्यकतानुसार मैन पावर बढ़ाने को कहा ताकि 1225.39 लाख रुपये की लागत से बन रही यह महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा जल्द से जल्द तैयार हो सके और जनता को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप रखने के भी निर्देश दिए। क्रिटिकल केयर यूनिट के गुणवत्तापरक निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी के लिए जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को भी निर्देशित किया।निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ कुमार आदित्य तिवारी, ब्रिडकुल के अधिकारी मंजीत देशवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विनोद दीक्षित को सम्मानित किया



वेलकम इंडिया

सामाजिक कार्यों के लिए संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित को साथ टीम को किया गया सम्मानित मथुरा/ भगवान परशुराम शोभायात्रा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं राम गोपाल शर्मा, बंशी लाल शर्मा, गौरव ? शर्मा ने संयुक्त रूप से समाज में सराहनीय कार्यों के लिए उत्तर प्रदेश में अपनी अलग पहचान रखने वाले सामाजिक संस्था बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित व महिला प्रदेश अध्यक्ष श्वेता शर्मा व महिला मथुरा जिला अध्यक्ष रेखा शर्मा, श्याम शर्मा, अर्जुन पंडित को किया गया सम्मानिते राष्ट्रीय अध्यक्ष राम गोपाल शर्मा ने कहा बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित के नेतृत्व में समाज के लिए कर रही है सराहनीय कार्य इस लिए, भगवान परशुराम शोभायात्रा के द्वारा इनके सराहनीय कार्यों के लिए समिति किया सम्मानित आज बृज यातायात एवं पर्यावरण समिति के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित के , भगवान परशुराम शोभायात्रा के लिए निशुल्क 2 विन्टेज कार उपलब्ध करवाई गयी हैं विंटेज कारें पिछली दो सालों की तरह इस बार रही लोगे का आकर्षित का केन्द्र जमकर ली गयी सेल्फी।

# गिरिराज तलहटी में बंदरों को मारने वाले पर लगे देशद्रोह का मुकदमा

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश उपाध्यक्ष कुंवर नरेंद्र सिंह ने घटना पर भारी आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि गिरिराज तलहटी के आन्यौर परिक्रमा मार्ग में शातिर अंग्रेज द्वारा हनुमान स्वरूप वानरों को मार गया है। ऐसे पापी पर राष्ट्रद्रोह का मुकदमा लगाकर तुरन्तजेल भेजा जाना चाहिये। और पुलिस प्रशासन उसके वीजा पासपोर्ट को जब्त करके कठोर कानूनी कार्यवाही करे, नही तो हम साथियों के साथ आंदोलन करेंगे। और घटना स्थल पर भूख हड़ताल पर बैठेंगे। वरिष्ठ लोक दल नेता को नरेंद्र सिंह ने बताया कि करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र गिरिराज तलहटी परिक्रमा मार्ग हनुमान स्वरूप वानरों के लिये सुरक्षित स्थल है। जहाँ सैकड़ों श्रद्धालु प्रतिदिन वानरों को केले, मूंगफली, फलों का वितरण करते है। बृजभूमि में वानरों को हनुमान जी का स्वरूप माना जाता है। और उनको श्रद्धा भाव के साथ देखा जाता है। लेकिन एक विदेशी शातिर अंग्रेज द्वारा अपनी एयरगन से बंदरों हत्या की है। तो ऐसे व्यक्ति को तत्काल गिरफ्तार करके उसे राष्ट्रद्रोह के मुकदमें जेल में डाला जाये।

# जनता दरबार में 15 शिकायतें दर्ज

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर**,गोविन्द मेहता, जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में तहसील सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने कुल 15 शिकायतें और समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं।जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए उपस्थित अधिकारियों को जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने, प्राथमिक समस्याओं को विभागीय स्तर पर ही निपटारा करने और किसी भी फरियादी को जबरन कार्यालयों के चक्कर नही कटवाने, और लापरवाही की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई दी। जिन मामलों में शासन स्तर पर पत्राचार या किसी अन्य कार्यवाही की आवश्यकता है, उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा करते हुए शिकायतकर्ता को भी अवश्य सूचित करने,अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि जनता दरबार में आनी वाली समस्याओं को समय से समाधान करने की बात कहते हुए जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना सभी अधिकारियों की पुनीत जिम्मेदारी बताई।जनता दरबार में विजली पानी शिक्षा सड़क, सड़क कटान का मुआवजे, सहित पेंशन और अन्य प्रकार की समस्याएं लेकर दूरदराज क्षेत्रों के ग्रामीण जनता दरबार में पहुँचे। जिलाधिकारी ने सभी फरियादियों की समस्याओं को सुनकर अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया। उन्होंने सभी अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।जनता दरबार के समापन के उपरांत, जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन और हैलो बागेश्वर पर प्राप्त शिकायतों की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शासन स्तर पर सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त होने वाली शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग की जाती है। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को प्रतिदिन पोर्टल लॉगइन करने और समयबद्ध तरीके से प्राप्त शिकायतों का अनिवार्य रूप से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, उपजिलाधिकारी जितेंद्र वर्मा व अनिल सिंह रावत, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुमार आदित्य तिवारी, डीपीओ डॉ. मंजुलता यादव, ईई लोनिवि संजय पांडे, जल निगम के अधिशासी अभियंता वीके रवि, जल संस्थान के सीएस देवड़ी समेत अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# डिबाई नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्य शुरू, गतिरोध समाप्त



वेलकम इंडिया

**डिबाई।** डिबाई नगर पालिका परिषद की बोर्ड मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें 22 सभासदों की मौजदगी में वार्ड नंबर 7 में रुके हुए निर्माण कार्यों की शुरूआत होगी गौरतलब है कि बार्ड नम्बर 7 से सभासद सरगम साहनी ने बोर्ड की मीटिंग में पेश किए थे 34 लाख 54 हजार रुपए के प्रस्ताव जिनमें से 10 लाख 88 हजार रुपए के कार्य हुए पास नगर पालिका अध्यक्ष अरुण सिंघल की अध्यक्षता में बोर्ड मीटिंग का हुआ था आयोजन।

# युटुब एंड इंस्टा के 80 कलाकारों हुए सम्मानित

वेलकम इंडिया




खुर्जा/बुलंदशहर/खुर्जा नगर का होम फिल्म प्रोडक्शन हाउस ईको फिल्म प्रोडक्शन ने विनायक होटल में युटुब एंड इंस्टाग्राम फिल्मफेयर अवार्ड का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एडवोकेट रंजना सिंह, डॉक्टर डीपी सिंह,सेलिब्रिटी चीफ गेस्ट प्राची त्यागी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम में 80 युटुब और इंस्टाग्राम के कलाकारों को सम्मानित किया गया। प्रोडक्शन के अध्यक्ष विपिन सिसोदिया ने आए हुए सभी अतिथियों एवं कलाकारों का भव्य स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रंजना सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से जो कलाकार रील को रियल लाइफ से जोड़ा है। कार्यक्रम की सिलेब्रिटी चीफ गेस्ट प्राची त्यागी ने कहा कि ऐसे प्रोग्राम समय-समय पर होते रहने चाहिए जिससे कि कार्यक्रम के माध्यम से कलाकार आपस में एक दूसरे से जुड़ जाते हैं। प्लेबैक सिंगर वसीम सिद्दीकी ने अपनी आवाज का जादू बखेरते हुए सभी का मन मोह कर समां बांधा। कार्यक्रम का संचालन बादल चौधरी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य सूत्रधार टीम लीडर सौरव रसूल पुरिया,अपूर्वा ठाकुर,रूसा गोला,जय तोमर ने आसपास के कलाकारों को एकत्रित किया। प्रोडक्शन के डायरेक्टर प्रताप सिंह धनौलिया ने कहा कि ईको फिल्म प्रोडक्शन हर वर्ष यूट्यूब एंड इंस्टाग्राम फिल्मफेयर अवार्ड किया जाता है जिससे कलाकार के अंदर एक नई उमंग पैदा हो और अच्छे से अपने क्षेत्र में नाम रोशन कर सके। कार्यक्रम में साकूल तायल, रेनू तायल, रिंकी अग्रवाल, गौरव शर्मा, राम दिवाकर, सचिन सिसोदिया, दीक्षा सिंह, उर्वशी राघव, पारूल रानी, खुशबू रानी, अंकिता, उषा शर्मा, सूर्य प्रताप सिंह, दिनेश वर्मा, वीरेंद्र गुप्ता, शैलेंद्र सिंह सोलंकी आदि लोग उपस्थित रहे।

# नारनौंद से खाद-बीज की दुकान में से 8 लाख रुपए चोरी मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**हांसी** । पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन भा.पु.से. के दिशा-निदेर्शानुसार जिला भर में चोरी के अपराधों पर लगाम लगाते हुए थाना नारनौंद पुलिस ने खाद-बीज की दुकान में से 8 लाख रुपए की चोरी मामलें में आरोपी उदयभान पुत्र रोहताश, रामभगत पुत्र जगदीश, संजय पुत्र बक्शू व रवि पुत्र दलीप निवासियान लोहरी राघो को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार ध्यान सिहँ पुत्र हाडी राम निवासी लोहारी राघो दिनांक 13.04.2025 की रात को करीब 9.00 बजे अपनी आढत, परचुन व खाद-बीज की दुकान को बन्द करके घर जाकर सो गया था। दिनांक 14.04.2025 को सुबह करीब 7.00 बजे दुकान खोली तो दुकान के पिछली साईड का दरवाजा टुटा हुआ मिला दुकान मे जब काऊन्टर संभाला तो उसमे रखा हुआ करीब 8 लाख रुपए नही मिले थे शिकायतकर्ता ने अज्ञात चोरो के खिलाफ थाना नारनौंद में शिकायत दी थी। थाना नारनौंद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी उदयभान पुत्र रोहताश, रामभगत पुत्र जगदीश, संजय पुत्र बक्शू व रवि पुत्र दलीप निवासियान लोहरी राघो को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है रिमांड के दौरान आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जावेगी।

# केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के 71वें जन्मदिवस के अवसर पर दुर्गा मंदिर बरवाला में लगाया रक्तदान शिविर

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/ हिसार ( राजेश सलूजा) :** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के 71वें जन्मदिवस के अवसर पर बरवाला शहर के मेन रोड पर स्थित श्री नव ज्योति दुर्गा मंदिर के प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।इस रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने शिरकत की ओर अध्यक्षता भाजपा मंडल बरवाला अध्यक्ष मनोज उर्फ मोनू संदूजा ने की मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने केक काटकर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल की दीघार्यु, उत्तम स्वास्थ्य एवं यशस्वी जीवन की कामना की।उन्होंने कहा कि मनोहर लाल का जीवन समर्पण, सेवा और ईमानदारी का प्रतीक है और उनके जन्म दिवस को सेवा कार्यों से मनाना हम सभी के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और उनके इस मानवता पूर्ण योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।उन्होंने सभी युवाओं से अपील की कि वे भी आगे आकर ऐसे सेवा कार्यों में बढ़-चढकर भाग लें। इस रक्तदान शिविर में 50 से अधिक रक्तदाताओं द्वारा अपनी -अपनी स्वेच्छा से रक्तदान किया गया और जिला नागरिक अस्पताल हिसार की टीम द्वारा इस रक्तदान शिविर में रक्त एकत्रित करने व चिकित्सा संबंधी सेवाएं दी गई इस शिविर में नगरपालिका चेयरमेन रमेश बैटरीवाला, संदीप गोयल, सुरेश गोयल, ओमप्रकाश सैनी व जगरूप ने रक्तदान करके सराहनीय कार्य किया इस शिविर में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा द्वारा रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया इस अवसर पर जिला परिषद चैयरमैन सोनू सिहाग डाटा, संदीप आजाद प्रदेश सह मीडिया प्रभारी भाजपा ,पूर्व आईपीएस दलबीर भारती, भाजपा मंडल बरवाला अध्यक्ष मोनू संदूजा, पूर्व चेयरमेन रणधीर सिंह धीरु, राजेश सलूजा मंडल मीडिया प्रभारी ,प्रवीण सैनी, प्रधान रोशन घनघस, राहुल चोपड़ा, प्रधान डॉक्टर देशराज वर्मा, अनूप सैनी आदि मौजूद रहे।

# वक्फ विल संशोधन मुस्लिम समुदाय के गरीब परिवारों और महिलाओं के बेहतर विकास में मील का पत्थर साबित होगा : प्रजापति

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार




**सादाबाद।** में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान को लेकर आयोजित प्रबुद्ध जन सम्मेलन भाजपा जिला अध्यक्ष शरद माहेश्वरी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री धर्मवीर प्रजापति एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में आतिफ निजामी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा ब्रज क्षेत्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारित हुआ वक्फ (संशोधन) विधेयक- 2025 मुस्लिम समुदाय के गरीब परिवारों और महिलाओं के बेहतर विकास में मील का पत्थर साबित होगा, उन्होंने कहा कि इस कानून के उद्देश्यों और लाभों को हर व्यक्ति तक पहुंचाया जाए और उन्हें अवगत कराया जाए की यह कानून मुस्लिम समाज के आत्मसम्मान, न्याय और समानता के अधिकारों को और मजबूत करेगा' यह कानून किसी के खिलाफ नहीं, बल्कि सभी के हित में है और यह भारतीय समाज में आपसी विश्वास और सहयोग को बढ़ावा देगा ,यह बदलाव भारतीय समाज को नई मजबूती देगा और 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र को जमीन पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा,वक्फ संशोधन केवल एक कानूनी बदलाव नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम है। अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आतिफ निजामी द्वारा अपने संबोधन में यह कहा गया कि वक्फ कानून में संशोधन का मुख्य उद्देश्य वक्फ बोर्ड में पारदर्शिता लाना है। डिजिटल रिकार्ड और आडिट से वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा, यह कानून मुस्लिम समुदाय के खिलाफ नहीं बल्कि उनके सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए बनाया गया है, उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि वे संशोधन के बारे में भ्रामक जानकारी फैला रहे हैं, गुमराह कर रहे हैं ताकि वोट बैंक की राजनीति की जा सके। उन्होंने मुस्लिम लोगों से अपील की वे तथ्यों को समझें। ऐतिहासिक संशोधन को लेकर सुधार जनजागरण अभियान के तहत गरीबों का हक सिर्फ गरीबों को मिलेगा इस कानून से गरीब और मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की रक्षा हो सकेगी, सदर विधायक अंजुला सिंह माहौर ने अपने संबोधन में बक्फ संशोधन को मुस्लिम समाज का फायदा बताया, इस मौके पर समेत प्रबुद्ध मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्ध जन उपस्थित थे उपस्थित रहे।

# चौधरी महासभा द्वारा बुंदेलखंड में जाति तोड़ो बहुजन समाज बनाओ भाईचारा महासम्मेलन हुआ संपन्न

वेलकम इंडिया



**झांसी** । पूज्यनीय बोधिसत्व बाबा साहब अम्बेडकर तथागत महात्मा गौतम बुद्ध, महात्मा ज्योतिराव फूले,छत्रपति साहूजी महाराज, वीरांगना झलकारी बाईं आदि को नतमस्तक करती हूं स्थानीय विवाह घर में आयोजित संत रविदास जी महाराज विराजमान मंदिर डालेकपुरवा जनपद जालौन उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित राष्टीय चौधरी महासभा के तत्वाधान में बुंदेलखंड स्तरीय जाति तोड़ो बहुजनसमाज बनाओ भाईचारा महासम्मेलन का आयोजन किया गया है कार्यक्रम के सम्मानित सभी मुख्यअतिथि , सम्मानित मंच में उपस्थिति सभी मुख्य वक्तागण एवं मंच पर आसीन सम्मानित सभी विशिष्ट अतिथि , सम्मानित कार्यक्रम के आयोजक व उनके सम्मानित साथी गण पिता तुल्य बुजुर्ग पूज्यनीय माताओं , बेटियों प्यारी बहिनों भाइयों प्यारे बच्चों ह्ल महासभा अध्यक्ष जय श्री ने कहा कि पूज्य बाबा साहब अम्बेडकर के जीवन संघर्ष और त्याग की प्रत्येक व्यक्ति चर्चा करते हैं लेकिन उनके मिशन की चर्चा बहुत कम होती है उनका मिशन था समतामूलक समाज की स्थापना ये सपना जब पूरा जब कमजोर दबे कुचले बहुजन समाज के बच्चों को बी ए तक की अनिवार्य शिक्षा और मुफ्त शिक्षा , बहुजन समाज के प्रत्येक घर में एक लड़का बी ए, एम्ए किए हुए चपरासी की नौकरी के लिए दर दर भटक रहा है और उसे नौकरी नहीं मिल रही है , प्रत्येक घर में एक नौकरी की गारंटी हो ,सबसे ज्यादा अत्याचार दबे कुचले कमजोर बहुजन समाज के साथ होता है ,तो आग्नेय अस्त्र की जरूरत किसको है आग्नेय अस्त्र में आरक्षण बहुजन समाज का हो ,जब तक इन मुद्दों को लेकर बहुजन समाज दिशा नहीं पकड़ेगा जब तक सारे प्रयास उस तरह अर्थहीन रहेंगे जैसे नदी के तट पर बंधी नाव को बगैर खोले पतवार चलाने का निर्थक प्रयास कर था है ह्ल तो बहुजन समाज को नम्मर 1 बिजनेस 2 शिक्षा 3 नशा मुक्ति होना होगा ह्ल और पूज्य बाबा साहब ने कहा था अपने आय का पड़े लिखे लोग 10वा भाग समाज को दे जिससे मेरा सपना समता मूलक समाज की स्थापना हो ह्ल साथियों मै अपनी आय का 50प्रतिशत भाग बहुजन समाज को दूंगी यह मेरा विचार है जिन लोगों ने इस कार्यक्रम को तन मन धन देकर रात दिन मेहनत करके समाज को जागरूख करने का काम किया है । पूज्य मिनी कांसीराम डॉ बाबू रामाधीन बौद्धाचार्य ने चौधरी महासभा संस्थापक एवं अध्यक्ष अरविन्द भौतिक एव चौधरीजयश्री राष्टीय अध्यक्ष चौधरी महासभा एवं राष्टीय कमेटी को अपना आशीर्वाद दिया कि चापलूस दलालों और गुलामों से बहुजन समाज की नई पीढ़ी को बचाने को बचाना हम सब का कर्तव्य क्योंकि भ्रष्ट लोगों से चौधरी समाज की जिम्मेदारी बनती है इस अवसर पर चौधरी जयश्री, संस्थापक अरविन्द भौतिक, राष्टीय चौधरी महासभा उपाध्यक्ष अतुल कुमार गौतम, राष्टीय कोषाध्यक्ष मोहित कुमार सिंह, राष्टीय चौधरी महासभा संगठन मंत्री अजय जाटव एवं महेश रिछारिया उर्फ बबलू एडवोकेट ने समापन किया एवं हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# व्यापारी से मारपीट कर मोबाइल तोड़ा, पत्थरबाजी से गाड़ी क्षतिग्रस्त, तीन आरोपी गिरफ्तार



वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर चांदपुर, बिजनौर। ग्राम रूपपुर निवासी ईंट भट्ठा मालिक व्यापारी कपिल कुमार के साथ धनौरा फाटक के पास दबंगों ने मारपीट कर दी। कपिल जब सोमवार शाम को अपने भट्ठे से लौट रहे थे, तभी आरोपित नईम अहमद और सरफराज ने बाइक सामने लगाकर उनकी कार को जबरन रोक लिया। व्यापारी के विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। उनका मोबाइल फोन तोड़ दिया गया और पत्थरबाजी कर गाड़ी को नुकसान पहुंचाया गया। हमले में व्यापारी को हल्की चोटें भी आईं। आसपास के लोगों को आता देख हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की।पुलिस ने तीन आरोपियों नईम अहमद, नाजिम और वसीम उर्फ टोनी को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य हमलावरों की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही सभी को हिरासत में लिया जाएगा।

# अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

वेलकम इंडिया महमूद रजा



बिजनौर में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। एसडीएम सदर अवनीश त्यागी के नेतृत्व में तहसील की टीम ने बिना लेआउट पास कराए विकसित की जा रही कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाया।टीम ने सबसे पहले रावली मार्ग स्थित ग्राम अमीपुर बेगा में कार्रवाई की। यहां कॉलोनी मालिक न तो भूमि श्रेणी परिवर्तन का प्रमाण दिखा सका और न ही स्वीकृत लेआउट। इसके बाद प्राचीन काली देवी मंदिर के पास आम के बाग में बन रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया गया।प्रशासन ने फरीदपुर उड़द में एक, कस्बा बिजनौर में दो और सुल्तानपुर टप्पा हवेली में दो कॉलोनियों पर कार्रवाई की। इन सभी जगहों पर बाउंड्री, सड़कें, बिजली के पोल और अवैध निर्माण को जेसीबी से तोड़ा गया।बिजनौर शहर और आसपास के क्षेत्रों में अवैध कॉलोनियों की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। प्रशासन की दो दिन की इस कार्रवाई से अवैध कॉलोनी विकसित करने वालों में हड़कंप मच गया है।वहीं एसडीएम सदर अवनीश कुमार त्यागी ने बताया-शहर के आसपास अवैध रूप से बिना ले आउट पास कराए कॉलोनियां विकसित की जा रहे हैं। इन कॉलोनी में मूलभूत सुविधाएं नहीं होती हैं, जैसे बिजली पानी सड़क कॉलोनाइजर्स कॉलोनी में ग्राहकों को सभी सुविधाओं के सपने दिखाकर प्लाट बेचकर गायब हो जाते हैं।उसके बाद ग्राहक परेशान होते हैं और वह मकान बनाने के लिए नक्शा बिजली और पानी का कनेक्शन की प्रयास करते हैं लेकिन कॉलोनी पास नहीं होने पर उन्हें कोई भी सुविधा नहीं मिलती जिसके चलते वह है काफी परेशान होते हैं। जिसकी शिकायत उन्हें और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को लगातार मिल रहे थे जिसके चलते करीब आधा दर्जन कॉलोनी पर कार्रवाई की गई है।

# अंजना अंजुम और मोहिनी कृष्ण समेत कई को 'सर्व भाषा साहित्यकार गौरव सम्मान'

वेलकम इंडिया



**मथुरा/वृंदावन**। गीता शोध संस्थान, वृंदावन के सभागार में आज अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रांत के तत्वावधान में 'सर्व भाषा साहित्यकार सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। समारोह में कौरवी, ब्रज, खड़ी बोली, बुंदेली, अवधी एवं भोजपुरी भाषाओं के लगभग 101 मूर्धन्य साहित्यकारों, समाजसेवियों एवं पर्यावरणविदों को क्रमशः ह्यसर्व भाषा साहित्यकार गौरव सम्मानह्ल, समाज गौरव सम्मान एवं पर्यावरण गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।सम्मानित किए जाने वाले गणमान्य में अंजना अंजुम, भागवत प्रवक्ता मोहिनी कृष्ण दासी आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्वाह्न 11 बजे परमपूज्य अनन्त वीर्य जी (महामण्डलेश्वर, अक्षय पात्र आश्रम) के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील चन्द्र त्रिवेदी ह्यमधुपेशह्ल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीधर पराड़कर, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री मनोज कुमार तथा राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. पवन पुत्र ₹बादल₹ की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की भव्यता को द्विगुणित कर दिया।समारोह दो सत्रों में सम्पन्न हुआ, जिसमें प्रदेश के विविध अंचलों से पधारे प्रख्यात साहित्यकारों की उपस्थिति रही।ब्रज प्रांत प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. सुरेश बाबू मिश्रा ने समारोह की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विविध भाषाओं के साहित्यिक योगदान को राष्ट्रीय एकता का आधार बताया। कार्यक्रम के समापन सत्र में पहलगाम के बलिदानियों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा शोक प्रस्ताव पारित किया गया।इस अवसर पर गीता शोध संस्थान के ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ एवं प्रांतीय संरक्षक डॉ. उमेशचंद्र शर्मा ने समारोह की सफलता हेतु गठित आयोजन समिति के कार्यों की सराहना की। समिति में डॉ. अजीत कुमार जैन, डॉ. एस.पी. मौर्य, संजय पांडेय ह्यगौहरह्ल, विकास सारस्वत, डॉ. चंद्र प्रकाश शर्मा, संतोष मिश्रा, प्रो. पुरुषोत्तम पाटील, अंजना अंजुम, निरूपमा अग्रवाल, ऋषि जी, शेखर जी, कृपांशु खूबचंदानी सहित अन्य प्रांतीय पदाधिकारी शामिल थे।

# बिजनौर किरतपुर के गांव छितावर के तालाब में युवक की लाश मिलने से फैली सनसनी

वेलकम इंडिया महमूद रजा



बिजनौर थाना किरतपुर क्षेत्र के गांव छितावर में उस समय सनसनी फैल गई जब गांव के तालाब में एक युवक का शव तैरता हुआ मिला। जानकारी के अनुसार मृतक युवक की पहचान गांव के ही निवासी सूरज के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सूरज कल सुबह से लापता था। वह जंगल में चारा लेने गया था, जिसके बाद से वापस नहीं लौटा। जब ग्रामीणों ने तालाब में शव देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकलवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है, जबकि युवक की मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चल सकेगा।

गांव में घटना को लेकर शोक और दहशत का माहौल है।

# सगाई वाले दिन लड़के ने मांगी बुलेट और पांच लाख, न देने पर तोड़ा रिश्ता




वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली**। किला थाना क्षेत्र के रहने वाले एक पिता ने लड़के पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उनकी बेटी की सगाई वाले दिन लड़के ने दहेज में बुलेट और पांच लाख रुपये नकद की मांग की। इस मांग को पूरा न करने पर रिश्ता तोड़ दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किला के एक व्यक्ति ने अपनी पुत्री का रिश्ता लगभग एक वर्ष पूर्व इमरान पुत्र सदाकत अली निवासी फतेहगंज पश्चिमी से तय किया था। इस एक वर्ष के दौरान त्योहारों व पारिवारिक अवसरों पर लड़की पक्ष की ओर से लड़के वालों को उपहार स्वरूप वस्त्र व अन्य सामग्री भेंट की जाती रही। दोनों परिवारों की सहमति से सगाई की तारीख तय हुई थी। 27 अप्रैल को लड़के वाले लगभग 30 से अधिक रिश्तेदारों के साथ लड़की के घर पहुंचे। सगाई की रस्म शुरू होने ही वाली थी कि लड़के की मां, चाचा, बहनोई और लड़के ने दिए जाने वाले उपहारों को देखकर नाराजगी जताई। पीड़ित पक्ष के अनुसार मौके पर ही लड़के के बहनोई ने फोन पर दहेज में 5 लाख नकद, बुलेट मोटरसाइकिल, दूल्हे के लिए सोने की चेन, दोनों बहनोई के लिए सोने की अंगूठी और बहनों के लिए चांदी की पायल चाहिए। लड़की के पिता अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया और सगाई से इनकार कर दिया गया। आरोप है कि लड़के पक्ष ने अपमानजनक टिप्पणी करते हुए कहा कि यह परिवार भिखारी है और लड़के को यहां कुछ नहीं मिलेगा। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने हाथ जोड़कर निवेदन किया, लेकिन कार्यक्रम स्थल से गालियां देते हुए निकल गए। पीड़ित पिता ने किला थाने में तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने लड़के पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# लीजेंड दादासाहेब फाल्के अवार्ड 2025 समारोह संपन्न



वेलकम इंडिया

कृष्णा चौहान फाउंडेशन के संस्थापक डॉ कृष्णा चौहान ने अपने जन्मदिन के अवसर परमुम्बई महानगर के प्रसिद्ध उपनगर अंधेरी पश्चिम स्थित क्लासिक क्लब में 4 मई को 'छठे लीजेंड दादा साहेबू फाल्के अवार्ड 2025' का आयोजन किया। केसीएफ प्रस्तुत इस पुरस्कार समारोह में उन हस्तियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने फिल्मी दुनिया मे अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। दीप प्रज्वलित किए जाने के बाद स्टेज पर शानदार केक काटकर डॉ कृष्णा चौहान का जन्मदिन भी मनाया गया। समारोह के चीफ गेस्ट उदित नारायण, सुदेश भोसले, दिलीप सेन, प्रतिमा कनन, एसीपी संजय पाटिल, अली खान, दीपक पराशर, रमेश गोयल, रेखा राव, सानंद वर्मा, अभिषेक खन्ना, डॉ मुस्तफा यूसुफअली गोम, ब्राइट आउटडोर मीडिया की उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। अपनी पुरानी परंपरा को कायम रखते हुए डॉ कृष्णा चौहान ने सभी अतिथियों को अवार्ड दे कर सम्मानित किया साथ ही साथ समारोह के दौरान पवन तोडी, सिंगर नरेश, शिरीन फरीद, कबीना महराजन, पिंकी खिमनानी, दीप गोस्वामी, सीडी शेट्टी, रंजुला रॉय चौधरी, सोनू श्रीवास्तव, कुलदीप शर्मा, संगीता जोशी, गौरी तन्क, एंकर आरजे आरती सजवान, दीपक देसाई, सनी कपूर, बैले ग्रोवर, जिग्ना सेठ, महिमा गुप्ता, वैशाली भौर्जर, श्री राजपूत, मैल्कम भाया, समद अजीज शेख, आदित्य शुक्ला, गिफ्ट पार्टनर जैडियन परफ्यूम, फिल्म पत्रकार काली दास पाण्डेय और अन्य कई पत्रकारों, फोटोग्राफर को भी सम्मानित किया गया।

# उर्स-ए-ताजुश्शरिया:- ताजुश्शरिया की नसीहत याद रखें, अकीदे की हिफाजत करें : मौलाना अदनान रजा

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली**। ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी ने उर्स-ए-ताजुश्शरिया के मौके पर अक ीदतों की महफि ल सजाई। खुवाजा कुतुब स्थित आरएसी के मुख्यालय ह्लबैतुर्रजाह्व पर लंगर किया गया। यहाँ मौलाना अदनान रजा ने देश के अलग हिस्सों से आये जायरीन और मेहमानों से मुलाकात की और उन्हें पैगाम दिया कि ताजुश्शरिया की नसीहत को याद रखें और हर हाल में अक ीदे की हिफाजत करें। ह्लबैतुर्रजाह्व पर कलाम-ए-पाक की तिलावत, फातिहाख्वानी के बाद लंगर भी हुआ। दिनभर मजार शरीफ पर गुलपोशी और चादरपोशी के बाद शाम को ह्लबैतुर्रजाह्व पर नूरानी महफि ल सजाई गई। इस मौक पर मुफ्ती उमर रजा हाफिज इमरान रजा बरकाती मुशाहिद रफत हनीफ अजहरी सईद सिब्तैनी मोहम्मद जुनैद अमीक रजा मुजफ्फर अली सय्यद मुशर्रफ हुसैन राशिद रजा आरिफ रजा सय्यद रिजवान, मोईद रजा फुरकान रजा उवैस रजा गुल हसन आसिफ रजा राशिद रजा खालिद रजा अजहर रजा मुजाहिद रजा, सलमान अल्वी आफताब हुसैन खुर्शीद आलम मुजाहिद रजा मंसूर अली सहित बड़ी तादाद में उल्मा (आरएसी) पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिले के अध्यक्ष परवेज मियां दो रोजा उर्स पर चादर लेकर पहुंचे परवेज मियां ने चादर चढ़ाने के बाद आला हजरत खानदान के सदस्य तौसीफ रजा खान के बेटे फैज रजा से मिलकर ताजुशरिया के उर्स की मुबारकबाद दी, उनके द्वारा जारी एक बयान में बताया गया कि ताजुश्शरिया का नाम पूरी दुनिया में है वह एक बहुत बड़े आलिम थे। उन्होंने अपने जीवन काल में कौम की भलाई के लिए काम किया और लोगों को सच्चा रास्ता दिखाने का काम किया। इस खास मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिले के उपाध्यक्ष शावेज रईस, उर्दू अकादमी के सदस्य इस्लाम सुल्तानी, शाहरुख खान, शारिक अब्बासी, अकरम पठान, इकराम, इकराम खान, इमरान खान मौजूद रहे।

# आईवीआरआई का इतिहास 135 साल पुराना- डॉ. त्रिवेणी दत्त

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली**। दूरदर्शन केंद्र स्थित शांतिकुंज गर्ल्स इंटर कॉलेज की कक्षा 9 व 10 की लगभग 150 छात्राओं ने सोमवार को आईवीआरआई का शैक्षिक भ्रमण किया। शैक्षिक भ्रमण की अनुमति निदेशक आईवीआरआई से ली गई थी। जिसमें एटीआईसी डिपार्टमेंट की विभागाध्यक्ष डॉ. रोसी तिवारी एवं टेक्निकल डिपार्टमेंट से रवि प्रकाश ने आईवीआरआई के विषय में बच्चों को संस्थान की स्थापना से पूरी जानकारी देते हुए बताया कि आईवीआरआई का इतिहास 135 साल पुराना है। पहले इसका नाम इंपीरियल वेटरनरी रिसर्च इंस्टीट्यूट वैक्सीन फॉर एनिमल रिसर्च था। मुक्तेश्वर के बाद इसे बरेली में स्थापित किया गया। आईवीआरआई के अनुसंधान, शिक्षण एवं प्रसार ये तीन प्रमुख कार्य हैं। विवेक द्वारा विभिन्न कृषि ऐप बनाए गए है। ये विभिन्न कृषि ऐप आईवीआरआई कैसे कार्य करता है? और ग्रामीण जीवन में सामंजस्य कैसे बैठाया जाए, इसमें संस्थान की मदद करते हैं। एटीआईसी डिपार्टमेंट के अध्यक्ष डॉ. डे एवं डॉ. अमित गोयल ने संस्थान के वेटरनरी हॉस्पिटल में ओपीडी ऑपरेशन थियेटर, गहन चिकित्सा केन्द्र और प्रयोगशालाओं के अलग-अलग कार्यों के साथ साथ विभिन्न दवाओ और बीमारियों के विषय में छात्राओं को बताया। डॉ धमार्नंद सिंह एवं अरुण कुमार द्वारा आईवीआरआई के प्राचीन तथा आधुनिक संग्रहालय में छात्राओं को ले जाकर उन्हें विभिन्न कृषि उपकरणों, विभिन्न अनुसंधान इकाइयों एवं पशुपालन की छात्राओं को पूरी जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई। छात्राओं और विद्यालय परिवार की ओर से उनके साथ गए शिक्षकों काजोल शर्मा और आजय कुमार ने आईवीआरआई के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त एवं उनके सभी विभागों के विभागाध्यक्षों और उनके सहयोगियों का सोमवार के रोचक एवं सार्थक शैक्षिक भ्रमण के लिए उनका धन्यवाद किया।

# 320 ग्राम पंचायतों में से 2189 मृदा के नमूने लिए गए



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर सोमवार को मृदा दिवस के उपलक्ष्य में जनपद बुलंदशहर में मृदा नमूना एकत्रीकरण अभियान के दौरान जनपद के 16 ब्लॉकों में से चयनित 320 ग्राम पंचायतों में से 2189 मृदा के नमूने लिए गए। जिसमें कृषि निदेशालय, लखनऊ से अपर कृषि निदेशक दलहन बृजेश चंद्र मौजूद रहे।

# अपर कृषि निदेशक ने किया मृदा नमूना एकत्रीकरण का निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**



**वाराणसी।** राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत वृहद मृदा नमूना एकत्रीकरण अभियान के अवसर पर सोमवार को जनपद के लिए नामित नोडल अधिकारी उ.प्र.के अपर कृषि निदेशक (चावल) हरेंन्द्र उपाध्याय उप कृषि निदेशक अमित जायसवाल के साथ मृदा नमूना एकत्रीकरण का निरीक्षण करने आराजी लाइन ब्लाक के संजोई गांव एवं काशी विद्यापीठ ब्लाक के नरउर गांव में पहुंचे ।उन्होंने किसानों के खेतों से मृदा नमूना एकत्र किया एवं कृषि प्रसार कर्मियों एवं नोडल अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया ।इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक डा.राहुल सिंह ने किसानों को मृदा परीक्षण से लाभ के साथ ही हरी खाद के लिए सनई,ढ़ैंचा,उर्द मूॅग का प्रयोग करने की सलाह देने के साथ ही उचित फसल चक्र अपनाने की सलाह दी। कृषि निदेशालय,उ.प्र. द्वारा जनपद के लिए नामित नोडल अधिकारी पियूष कुमार शर्मा (राज्य प्रबन्धन संस्थान-**इसीमा** रहमानखेडा, उ.प्र.) सहायक निदेशक मृदा परीक्षण राजेश कुमार राय,भूमि संरक्षण अधिकारी के साथ हरहुआं ब्लाक के सरैया एवं काशी विद्यापीठ ब्लाक के ऊचगॉव पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों के खेतों से मृदा नमूना एकत्र किया ।साथ ही किसानों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मृदा में जीवांश कार्बन की मात्रा बढ़ाने के लिए खेतों में हरी खाद का प्रयोग करें।वाराणसी मंडल के संयुक्त कृषि निदेशक वाराणसी मण्डल शैलेंन्द कुमार सेवापुरी ब्लाक के ओदरहा गांव एवं रसुलहा गांव में मृदा नमूना एकत्रीकरण कार्य का निरीक्षण किया । जेडीए की उपस्थिति में किसानों के खेतो से मृदा नमूना लिया गया ।इस दौरान उपस्थित कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराने, ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई के लाभ के साथ ही किसानों को मृदा परीक्षण के उपरान्त दिये जाने वाले मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर खेतों में संतुलित मात्रा मे उर्वरकों के प्रयोग की सलाह दी। का प्रयोग करने हेतु बताया गया ।इस दौरान आराजी लाइन,काशी विद्यापीठ के एडीओ कृषि,हरहुआं के एडीओ कृषि देवेंद्र पाण्डेय, उदयराज सिंह,अजय,तरूण गोपाल आदि उपस्थित रहें ।

# महिलाओं को होने वाले रोगों से बचाव के लिए आयुर्वेद विभाग ने महिलाओं के साथ कि गोष्टी

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर,**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व आयोजित कार्यक्रमों के अंतर्गत विकास भवन सभागार में आयुर्वेद विभाग के द्वारा महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु महिलाओं को होने वाली हार्मोन से संबंधित समस्याओं मोटापा थायराइड इनफर्टिलिटी आदि विषयों पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्टी के प्रारंभ में मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी द्वारा आयुर्वेद एवं योग को दैनिक जीवन में अपनाने हेतु प्रेरित किया।उन्होंने कहा की योग केवल एक दिवस का प्रतीकात्मक कार्यक्रम नहीं है बल्कि प्रतिदिन योग करने से निश्चित रूप से कई रोगों से बचा जा सकता है,उन्होंने सभी को नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित किया।

गोष्ठी मे ब्रांड एंबेसडर योग उत्तराखंड दिलराज प्रीत कौर के द्वारा योग के माध्यम से महिलाओं को होने वाली कई प्रकार की समस्याओं से बचने के तरीके विस्तार पूर्वक बताए। कार्यक्रम में मंच का संचालन नोडल अधिकारी योग डॉक्टर एजल पटेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक बाल विकास, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी,जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ,जिला होम्योपैथिक अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के महिला अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर निष्ठा शर्मा कोहली के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास 51 हजार रुपये जुमार्नें का जुमार्ना




**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

बिजनौर में पॉक्सो एक्ट के तहत एक बड़ा फैसला सामने आया है। स्पेशल पॉक्सो कोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने 51 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है।

मामला नजीबाबाद थाना क्षेत्र का है। 21 नवंबर 2024 को पीड़िता के परिजन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपी की पहचान संजय उर्फ गांधी के रूप में हुई, जो मंगत सिंह उर्फ मंगते का पुत्र है और ग्राम जसवंतपुर उर्फ लुकादड़ी का निवासी है ।पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4(2) के तहत मामला दर्ज किया। जांच पूरी होने के बाद आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया गया। स्थानीय पुलिस और मॉनिटरिंग सेल ने कोर्ट में मजबूत पैरवी की।

ऑपरेशन कन्विक्शन' अभियान के तहत चली इस कार्रवाई में पुलिस और अभियोजन विभाग की प्रभावी पैरवी के चलत 3 मई 2025 को कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। यह फैसला पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत दिया गया है।

# दबंगों ने प्लॉट कब्जाने के लिए घर में घुसकर लाठी-डण्डों व लोहे की रॉड से मारपीट की, एडीजी से शिकायत

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



**मेरठ।** दबंगों द्वारा प्लॉट कब्जाने के लिए घर में घुसकर जबरन लाठी-डण्डों व लोहे की रॉड से मारपीट की गई. जान बचाव में आयी घर की महिलाओं के कपडे फाड़कर जाति सूचक शब्द बोलकर गाली गलौच व जान से मारने की धमकी दी गई, चौकी इंचार्ज द्वारा दबंगों का खुलेआम साथ दिया गया. पीडिता ने एडीजी को शिकायती प्रार्थनापत्र दिया है।

पूजा पत्नी विपिन कुमार निवासी ग्राम रिठानी थाना परतापुर ने बताया कि गत 2 मई को प्लॉट पर दबंगों द्वारा कब्जा किये जाने के सम्बन्ध में एक तहरीर रिठानी चौकी पर दी गयी थी, जिसकी जानकारी चौकी इंचार्ज प्रजन्त त्यागी ने दबंगों को दे दी, जिसके बाद समय करीब रात 10 बजे उक्त दबंग लोग पिन्टू उर्फ जयपाल, प्रदीप, संदीप पुत्रगण रामनिवास व जयसिंह, जयसिंह के तीनों बेटे और गोलू पुत्र सुरेश, रविन्द्र व अन्य कुछ 8-10 अज्ञात लोगों ने उसके घर में जबरन लाठी-डण्डे, लोहे की रॉड लेकर घर में घुस आये और उसके पति विपिन कुमार, भाई वेद प्रकाश और माता के साथ उन्हें जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया और पहले तो सबको बुरी तरह से मारा पीटा और फिर पति विपिन रविन्द्र, पिन्टू उर्फ जयपाल ने सर पर लोहे की रॉड और ईंटे मारते चले गये और गला घोंटना शुरू कर दिया. जब घर की महिलाओं ने बचाने का प्रयास किया तो कपडे फाड दिये और गालियाँ देकर जान से मारने की धमकी दी, उक्त घटना की सूचना तुरन्त 112 पर दी. कुछ देर बाद पुलिस आ गयी. आरोपी पुलिस के सामने खुले आम हथियार, तमंचे लेकर घूम रहे है। और उनका अपराधिक इतिहास भी रहा है. चौकी इंचार्ज प्रजन्त त्यागी पहले भी टी०पी० नगर थाने से लाइन हाजिर हो चुके है. घटना के विपरीत जबरन आरोपियों का बचाव करने की मंशा से एक तहरीर अपने अनुसार जबरन लिखवा ली और जब तक हमने चौकी इंचार्ज के हिसाब से तहरीर नहीं दी, तब तक चौकी इंचार्ज व थानाध्यक्ष द्वारा हमारे पूरे परिवार को थाने में बन्धक बनाकर रखा गया। जिससे हमारा परिवार चौकी इंचार्ज के अनुसार तहरीर देने को मजबूर हो गया। मेरे पति विपिन कुमार (जो होमगार्ड में हैं) व जेठ वेद प्रकाश को इस घटना में गम्भीर चोटें आयी है और मेरे पति विपिन कुमार को हायर सेन्टर रेफर करके भर्ती करवाया गया है। समस्त घटना पास में लगे सी०सी०टी०वी० कैमरे में रिकार्ड है। मांग की कि थाना परतापुर की जांच किसी अन्य थाने को स्थानान्तरित किये जाने की कृपा करें।

# तेज रफ्तार बाइक ने युवक को मारी टक्कर युवक की मौके पर ही मौत

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद में एक दुखद घटना सामने आई। नहर के पास तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान पौड़ी गढ़वाल निवासी 35 वर्षीय पंकज रावत के रूप में हुई है ।घटना नजीबाबाद थाना क्षेत्र के नहर के पास हुई। पंकज रावत बस से उतरकर पैदल जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी।टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई ।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है ।परिजनों ने बताया कि पंकज काफी समय से बेरोजगार थे। उनके एक दोस्त ने नौकरी के लिए हैदराबाद बुलाया था। वह इसी सिलसिले में हैदराबाद जा रहे थे। पंकज की मौत से परिवार में शोक की लहर है।

# हत्या में फरार चल रहे 25 हजारी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

**मेरठ।** थाना टीपी नगर से हत्या के मुकदमे में पिछले तीन माह से फरार चल रहे 25 हजारी ईनामी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक सुबोध कुमार सक्सेना ने बताया कि मुखबिर व सर्विलांस की मदद से हत्या के मुकदमे में वांछित चल रहा चीनू पुत्र तेजपाल निवासी निकट उमराव इंटर कालिज के बराबर वाली गली मलियाना को गिरफ्तार किया गया है। वह 25 हजार का ईनामी भी है। न्यायालय द्वारा इस मुकदमे में अभियुक्त का गैर जमानत वारंट व धारा 83 बीएनएसएस की उद्घोषणा भी जारी की जा चुकी है।

# सना रहेगी भारत, दोनों बच्चे पहुंचे पाकिस्तान

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



**मेरठ।** जनपद के क्षेत्र सरधना निवासी सना अपने दोनों मासूम बच्चों को पाकिस्तान वापस भेजने के लिए बॉर्डर पहुंच गई।सना अपनी 3 साल के बेटे और एक साल की बेटी को लेकर अटारी बॉर्डर पहुंची, जहां उसे मजबूरन अपने दोनों बच्चों को खुद से जुदा करना पड़ा।

पहलगाम टेरर अटैक के बाद पाकिस्तानियों को भारत से पाकिस्तान डिपोर्ट किया जा रहा है। सरधना घोसियान की रहने वाली सना भी इस आदेश के आगे मजबूर है। सना के पास हिंदुस्तानी नागरिकता है। उसे अब तक पाकिस्तानी नागरिकता नहीं मिली है, इसके कारण वो पाकिस्तान नहीं जा सकती, लेकिन उसके दोनों बच्चे पाकिस्तानी वीजा पर 45 दिन के लिए भारत आए हैं। जो अब भारत में नहीं रह सकते। इसलिए सना को सोमवार मजबूरन अपने बच्चों को मां से जुदा करते हुए पाकिस्तान भेजना पड़ा। अटॉरी बॉर्डर पर पहुंची सना ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि वो बच्चों को पाकिस्तान भेजने के लिए जा रही है।सना ने कहा कि बच्चों को मांओं से जुदा क्यों कर रहे हैं?इसमें हमारी क्या गलती है? हमारा क्या गुनाह है?सना ने कहा कि मेरी एक साल की बेटी और तीन साल का बेटा है। हम कैसे बच्चों के बिना रह पाएंगे। मैं सरकार से कहना चाहूंगी कि सरकार मांओं पर ये जुल्म न करे। सना ने बताया कि वो बच्चों के 45 दिन के वीजा पर मेरठ भारत आई थी। सना की शादी कराची पाकिस्तान में हुई है। सना के शौहर डॉ. बिलाल हैं। सना का कहना है कि मेरी सरकार से अपील है कि ये छोटे बच्चे कैसे रहेंगे? बच्चों के पिता डॉ. बिलाल उन्हें लेने बॉर्डर पर आए, जहां से वो दोनों बच्चों को ले गए।

# गिरिराज जी की तलहटी में दो दर्जन से अधिक बंदरों की मौत

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** परिक्रमा मार्ग गिरिराज जी की तलहटी गोविंद कुंड के समीप 25 से अधिक बंदरों की एक साथ मौत से हड़कंप मच गया। बंदरों की मौत का कारण पता नहीं चल सका है। लोगों की सूचना पर स्थानीय पुलिस के साथ पशु चिकित्सक पहुंच गए। कई बंदरों को इलाज के लिए ले जाया गया है। वहीं तलहटी में बंदरों की मौत के बाद गोरक्षक दल के सदस्यों ने आक्रोश जताया है। इस मामले में पुलिस ने घटना स्थल के समीप रहने वाले विदेशी कथित साधु के भेष में रह रहे एक नागरिक को एयरगन के साथ गिरफतार किया है। घटनाक्रम के अनुसार सोमवार की दोपहर को गांव आन्यौर से एक किलोमीटर आगे गिरिराज जी की तलहटी में एक साथ कई बंदर दम तोड़ने लगे, बंदरों की एक साथ मौत को देख कर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर गोरक्षक दल के धीरज कौशिक, माधव सिंह पहुंच गए। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए पशु चिकित्सकों को बुलाया गया। जिसमें पशु धन प्रसार अधिकारी स्वेता मोहन के निर्देशन में टीम ने कई बंदरों को उपचार दिया। कई बंदरों की गंभीर हालत होने पर इलाज के लिए भर्ती कराया। इस अवसर पर माधव सिंह ने बताया कि बंदरों की मौत के दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। वहीं इस मामले में पुलिस ने गिरिराज जी की तलहटी के समीप बने आश्रम से विदेशी नागरिक कथित साधु को गिरफतार किया है।

# दंपत्ति से लूट करने वाले आधा दर्जन लुटेरों को किया गिरफ्तार



**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

**मेरठ।** थाना सरूरपुर पुलिस ने बुजुर्ग दम्पत्ति के घर पर रैकी कर लूट करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया, जिन्होंने अपने नाम समीर पुत्र दिलशाद, अहमद पुत्र इस्लाम, भयकडा उर्फ फुरकान पुत्र मुस्तकीन, सामिल पुत्र रिफाकत, इमरान पुत्र यूसुफ एवं अनस पुत्र मौ. इकबाल (सोनार) बताया। लुटेरों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उनको जेल भेज दिया गया।

पुलिस लाइन में मीडिया से बात करते हुए एसपी देहात ने बताया कि गत अप्रैल को कस्बा हर्रा में बुजुर्ग दंपत्ति सुभाष के घर से लूट गई की थी। समीर पुत्र दिलशाद ने घटना से दो-तीन दिन पहले दिन में जाकर बुजुर्ग के घर की रेकी की थी व उनके घर के बारे में सारी जानकारी इकट्टा की थी। कहा से जाना है, कहा दरवाजा है व कहा संदूक रखी है। घटना वाली रात मौसम खराब था व लाईट चली गयी थी। मौका देखकर लुटेरों ने बुजुर्ग दंपती के घर जाकर तमंचा दिखाकर घर को खंगाल डाला। जहां से एक अंगूठी, एक दो तोले का हार व कानों की एक जोडी बाली, एक मोबाइल तथा 4000 हजार रुपये लूट लिए थे।

# एएसपी ने श्रीमती सुरजोबाई साह बालिका इण्टर कॉलेज में विधार्थियो और अध्यापकों को जाग्रति आप्रेशन से किया जागरुक



**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**

**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में ऑपरेशन जागृति फेज-4 अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार द्वारा यूनिसेफ के प्रतिनिधियों के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत श्रीमती सुरजोबाई साह बालिका इण्टर कॉलेज में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिला एवं बालिकाओं व आमजन को ऑपरेशन जागृति के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई श। इस दौरान महिलाओं की सुरक्षा हेतु बनाए गए कानूनों के दुरूपयोग व फॉल्स केसेस, लव रिलेशनशिप के प्रति परिवारों किशोर व किशोरियों को सचेत करना, महिलाओं का घरेलू हिंसा से बचाव, साइबर हिंसा के प्रति जागरूकता, युवाओं में नशे के दुष्परिणामों से बचाव और पारिवारिक विघटन की जानकारी दी गई। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक यूनिसेफ के प्रतिनिधियों के माध्यम से जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बताया गया कि नाबालिग उम्र में बालिकायें लव अफेयर, पलायन, लिव इन रिलेशनशिप जैसे मामलों में फँस जाती हैं और अपनी सहमति से भी बिना सोचे समझे घर से चली जाती है। साइबर अपराधों से बचावों के सम्बन्ध में विस्तृत्र जानकारी दी गई एवं बताया कि फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप आदि सोशल साइट पर अज्ञात व्यक्तियों की रिक्वेस्ट बिल्कुल स्वीकार न करें, अपनी प्रोफाइल हमेशा लॉकर करके रखें । प्रायः यह देखने में आ रहा है कि पारिवारिक विवाद-पारस्परिक भूमि विवाद का यथोचित समाधान नहीं दिखने पर अपराधिक घटनाओं में महिला सम्बन्धी अपराधों को जोड़ दिया जाता है । उपरोक्त परिस्थितियों के दृष्टिगत ऑपरेशन जागृति फेज-4 अभियान प्रारम्भ किया गया है। इस अभियान में निम्नांकित स्टेक होल्डर के आपसी समन्वय से ऑपरेशन जागृति कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है जिसमें शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायतीराज, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन महिला एवं बाल विकास, बाल विकास एवं पुष्टाहार युवा एवं खेल विभाग, सकिय एनजीओ मनोवैज्ञानिक, काउंसलर्स यूनीसेफ पुलिस विभाग शामिल है।

# रेलवे लाइन पार करते समय दो किशोरों की दर्दनाक मौत, इंजन की चपेट में आने हुआ हादसा

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह एक हृदय विदारक हादसे में दो किशोरों की रेलवे लाइन पार करते समय रेल इंजन की चपेट में आकर मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब दोनों किशोर रेलवे पटरियों के पास पहुंचे और अचानक गुजर रहे रेल इंजन की चपेट में आ गए। हादसे में जान गंवाने वाले किशोरों की पहचान करमपुर चौधरी निवासी 12 वर्षीय पंकज पुत्र ओमवीर और गायत्री नगर निवासी 14 वर्षीय आदित्य पुत्र ऋषिदेव के रूप में हुई है। दोनों मृतक आपस में मित्र बताए जा रहे हैं और रोज की तरह सुबह अपने-अपने घरों से निकले थे। रेलवे इंजन स्टाफ के अनुसार दोनों बच्चे रेलवे ट्रैक पार करते समय अचानक इंजन के सामने आ गए। घटना इतनी अप्रत्याशित थी कि इंजन चालक को ब्रेक लगाने का मौका ही नहीं मिला और दोनों किशोर इंजन के नीचे आ गए। सूचना मिलते ही इज्जतनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। इज्जतनगर थानाध्यक्ष के मुताबिक हादसे की पूरी जांच की जा रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि दोनों किशोर रेलवे पटरी पर क्यों गए थे। हादसे की सूचना मिलते ही दोनों किशोरों के घरों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आसपास के लोग भी इस दुखद घटना से स्तब्ध हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस स्थान पर रेलवे फाटक या अंडरपास न होने के कारण लोग आए दिन जान जोखिम में डालकर पटरियां पार करने को मजबूर हैं।

# के. के. पब्लिक स्कूल में हुआ ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**




मेरठ के सरधना स्थित के. के. पब्लिक स्कूल (मेरठ) में कक्षा 1 से 5 तक के छात्र छात्राओं के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एक में मोमबत्ती, कक्षा 2 में झोपड़ी, कक्षा 3 में वृक्ष, कक्षा 4 में लेबर डे तथा उनसे संबंधित औजार व कक्षा 5 के छात्र-छात्राओं ने पृथ्वी के संरक्षण पर सुंदर-सुंदर रंगों से ड्राइंग बनाई। सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह पूर्वक ड्राइंग कंपटीशन में प्रतिभाग किया। कक्षा वार बनाई गई ड्राइंग में से श्रेष्ठ ड्राइंग को छांटकर उन्हें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। ड्राइंग कंपटीशन में आदविक जैन, वेदिका, परी, समीक्षा, अभिजीत, आयात, दृष्टि, अवनी, आश्वी बंसल, कुंज शर्मा, दक्षिता, सादिया, पाखी जैन, पारस जैन, अनिक, शिवांगी त्यागी, तानिया पालीवाल, जैनब, अंश, चिराग, आदविक, श्रेष्ठ भारद्वाज, अंशुमन, आफरीन, आयुष त्यागी व अक्ष सिंघल आदि श्रेष्ठ छात्र छात्राओं को चुना गया। इस अवसर पर स्कूल मैनेजर श्री सुशील कुमार जी, सचिव श्री संजीव कुमार जी व प्रधानाचार्य डॉ. उत्तम सिंह जी ने छात्र-छात्राओं के द्वारा बनाई गई ड्राइंग की प्रशंसा की तथा भविष्य में ड्राइंग में और अच्छा करने की प्रेरणा दी।

# गैर इरादतन हत्या की घटना में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर थाना अहार पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की थाना अहार क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रसूलपुर निवासी शक्ति पुत्र नेमपाल सिंह का आदर्श जूनियर हाईस्कूल पर क्रिकेट खेलते समय विशेष पुत्र सतीश से विवाद हो गया जिससे दोनो के मध्य मारपीट हो गयी। जिसमे शक्ति की मारपीट के दौरान गिरने से मृत्यु हो गयी। इस सम्बन्ध में वादी नेमपाल सिंह पुत्र लाखन सिंह निवासी रसूलपुर थाना अहार जनपद बुलन्दशहर की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना अहार पर मुअसं-58/25 धारा 105 बीएनएस बनाम विशेष शर्मा उपरोक्त पंजीकृत किया गया। उक्त घटना सोमवार को थाना अहार पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर अभियुक्त विशेष शर्मा को गुरुद्वारा गेट ग्राम अहार के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी के संबंध में थाना अहार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# नव प्रवेशित 39 छात्र/छात्राओं को स्कूल बैग एवं कॉपी देकर प्रोत्साहित किया गया

**वेलकम इंडिया**



बुलंदशहर सोमवार को अटल आवासीय विद्यालय, कोन्दू, बुलन्दशहर के परिसर में विधायक सिकन्द्राबाद लक्ष्मीराज सिंह द्वारा उ०प्र०भवन उवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के अन्तर्गत श्रमिकों को हितलाभ वितरण किया गया। विधायक द्वारा अटल आवासीय विधालय के शैक्षणिक सत्र 2025-26 के सिकन्द्राबाद तहसील के नव प्रवेशित 39 छात्र/छात्राओं को स्कूल बैग एवं कॉपी देकर प्रोत्साहित किया गया। साथ ही बोर्ड द्वारा संचालित कन्या विवाह योजना के अन्तर्गत 11 लोगों को कुल रू0 6,05,000 / की धनराशि का हितलाभ वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923 के अन्तर्गत रू0 7,20,000 / की धनराशि का प्रमाण पत्र दिया गया एवं आनुतोषिक भुगतान अधिनियम 1972 के अन्तर्गत रू0 75,000 / की धनराशि का प्रमाण पत्र दिया गया, इसमें कुल रू० 14,00,000 / की धनराशि विधायक सिकन्द्राबाद द्वारा वितरित की गयी। विधायक द्वारा विद्यालय परिसर का भ्रमण करते हुए छात्र/छात्राओं को दी जा रही सुविधाओं एवं खेल कूद एवं अन्य गतिविधियों की प्रशंसा की गयी एवं विद्यालय परिसर में बास्केट बॉल मैदान का उद्घाटन किया गया।

# नौबस्ता में मृदा नमूना संग्रहण अभियान के तहत 50 मृदा नमूनों का किया गया संग्रहण



**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**

**दिनांक 05 मई 2025 प्रतापगढ़।** विकासखंड सदर के ग्राम नौबस्ता में उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव की उपस्थिति में मृदा नमूना संग्रहण अभियान के अंतर्गत 50 मृदा नमूनों का संग्रहण किया गया एवं कृषकों को फॉर्मर रजिस्ट्री से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। खरीफ सत्र 2025 में 70 प्रतिशत मृदा नमूना संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे समयबद्ध रूप से पूर्ण करने हेतु कृषकों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग के सलाहकार सुनील सिंह, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक (ग्रुप-ए) वीर विक्रम सिंह एवं भोला नाथ सिंह, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक (ग्रुप-बी) दिनेश पाल, प्राविधिक सहायक (ग्रुप-सी) श्रद्धा सिंह तथा एटीएम विनय कुमार एवं आनंद तिवारी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सभासद प्रमोद कुमार शर्मा, कृषक ललिता देवी, सरिता देवी एवं जवाहर लाल सहित अन्य कृषकगण भी सम्मिलित हुए।

# दुष्कर्म करने के आरोपी को 10 वर्ष का कारावास

**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर** पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे ₹डस्त्री१ ३ड्ढल्ल उड्ढल्ल५ ३ड्ढल्लर₹* के तहत बुलन्दशहर पुलिस व अभियोजन विभाग की समन्वित प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप थाना डिबाई पर एक युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने एवं उसके साथ दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0-56/2022 धारा 366/376 भादवि के अभियुक्त संजीव उर्फ संजू पुत्र नन्दकिशोर निवासी ग्राम इन्दौर खेड़ा थाना डिबाई जनपद बुलन्दशहर को मा0न्याया0 कोर्ट एडीजे/एफटीसी-03 जनपद बुलन्दशहर द्वारा *10 वर्ष का कारावास व 30,000/- रुपये* जुमार्ना से दण्डित किया गया।

# नरौरा में चलती गाड़ी से माल उड़ाने वाले तीन शातिर चोर गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**




बुलंदशहर जनपद में अपराध पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नरौरा पुलिस को सोमवार को एक बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने चलती गाड़ियों से माल चोरी करने वाले अंतरजनपदीय गिरोह के तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से चोरी किए गए रिफाइंड तेल के 10 टिन, दो अवैध चाकू और एक टैम्पू बरामद किया गया है, जिसका उपयोग वारदात में किया गया था।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए नरौरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपियों को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 4 मई की रात नरौरा क्षेत्र के टोल टैक्स के पास एक चलते ट्रक की तिरपाल काटकर रिफाइंड तेल चुरा लिया था। इस संबंध में थाना नरौरा पर मुकदमा संख्या 103/25, धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत केस दर्ज किया गया था गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इस प्रकार हुई है रवि पुत्र चंद्रपाल, निवासी ग्राम विधिपुर, थाना अतरौली, जनपद अलीगढ़ सुमित पुत्र राजन सिंह, निवासी ग्राम शेखूपुर, थाना हरदुआगंज, जनपद अलीगढ़ संदीप पुत्र राजपाल, निवासी मोहल्ला गुड़याई, थाना हरदुआगंज, जनपद अलीगढ़ पुलिस के अनुसार तीनों आरोपी पेशेवर चोर हैं, जो ट्रकों की तिरपाल काटकर उनमें लदे माल को चोरी करने की घटनाएं लगातार अंजाम दे रहे थे।

# डिबाई नगर पालिका परिषद वार्ड-8 उपचुनावः लज्जा देवी ने 36 मतों से दर्ज की जीत

**वेलकम इंडिया**



डिबाई/बुलंदशहर/नगर पालिका परिषद डिबाई के वार्ड संख्या 8 (मौहल्ला चौधरी खेल) में महिला सभासद पद के लिए हुए उपचुनाव के परिणाम आज सोमवार, 5 मई को घोषित किए गए। इस चुनाव में लज्जा देवी ने 36 मतों के अंतर से कुमारी सरोज को पराजित कर विजय हासिल की।कुल 787 डाले गए मतों में से लज्जा देवी को 392 मत प्राप्त हुए, जबकि कुमारी सरोज को 356 मत मिले। वहीं 39 मत निरस्त कर दिए गए अथवा नोटा में चले गए। मतगणना की प्रक्रिया डिबाई तहसील परिसर में निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में शांति पूर्वक संपन्न हुई।

गणना के दौरान शुरूआती दौर से ही दोनों प्रत्याशियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, लेकिन अंततः लज्जा देवी ने निर्णायक बढ़त बना ली। जैसे ही उनकी जीत की घोषणा हुई, समर्थकों में हर्ष की लहर दौड़ गई और विजेता का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया।विजय के बाद लज्जा देवी ने कहा कि वे वार्ड वासियों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगी और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देंगी। उन्होंने सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया तथा चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की सराहना की।यह उपचुनाव पूर्व सभासद नितेश कुमारी के निधन के कारण संपन्न हुआ था। मतदान, सुरक्षा एवं मतगणना की प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण रही।

# राष्ट्रवादी पसमांदा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद शमशाद मीर ने जाति जनगणना को लेकर दी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

राष्ट्रवादी पसमांदा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद शमशाद मीर ने जाति जनगणना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी बधाई

उन्होंने कहा ऐसी भारत में बहुत सारी जाती है भारत के अंदर हैं जिनको कभी आगे नहीं बढ़ाना दिया

जैसे की पुम्बा समाज है चुनकर समाज है सक्का समाज है नाई है धोबी है जुलाहा हैं नगरची है दाढ़ी है लांगा है मंगनियार है दमानी है बैलोच मगरची राणा है हिंदू धूम है

इसी तरह संपूर्ण भारत में मिरासी समाज का ना तो कोई जिला पंचायत सदस्य है ना विधायक है ना सांसद है ना राज्यसभा है ना लोकसभा है ना ही किसी भी आयोग में सदस्य हैं

किसी भी पार्टी का जिला अध्यक्ष भी नहीं है और ना ही किसी पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष है जो बरसों से अपनी आवाज उठाते रहे है आजादी से लेकर आज तक ऐसी बहुत सारी जाती है जिनके साथ शोषण और अत्याचार किया गया है उनकी आवाज उठाने वाला कोई नहीं था मगर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जाति जनगणना लाकर पसमांदा समाज को सम्मान देने का काम किया उन्हें लाभ देने का काम किया है बहुत सारे ऐसे समाज है जिन्होंने हाईकोर्ट में भी अपनी याचिकाई डाली मगर कांग्रेस के समय में उनकी कोई भी सुनवाई नहीं की गई भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो कहा वह करके दिखाया है उन्होंने कहा हमारी विचारधारा सबका साथ सबका विकास और सबके विश्वास की है हम प्रत्येक उस समाज को अपने साथ जोड़ रहे हैं जो मुख्य धारा से जो वंचित है जिसे लाभ नहीं मिला मोहम्मद शमशाद मीर ने अनुरोध करते हुए कहा पसमांदा समाज की तमाम जातियां से निवेदन करता हूं आपकी जो भी जाती गजट और बजट में है केवल उसी ही जाति को आप जनगणना अधिकारी को बताएं ताकि आपके समाज की जनगणना होकर आपको मुख्य धारा से जोड़ा जाए मोहम्मद शमशाद मीर ने साथ-साथ यह भी कहा कुछ लोग बहकने का काम करेंगे उनके बहकावे में ना आएं 65 साल कांग्रेस की सरकार रही मगर मुस्लिम पसमांदा समाज को कोई भी लाभ नहीं मिला उनके साथ केवल शोषण किया गया अत्याचार किया गया आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पसमांदा समाज को लाभ देने का काम किया है आपको सम्मान देने का काम किया है




# नर नारायण सेवा संस्थान ने निर्धन कन्या की शादी करवाकर बसाया घर

**वेलकम इंडिया**



**जहाँगीराबाद।** नगर की सामाजिक संस्था नर नारायण सेवा संस्थान ने एक निर्धन कन्या की शादी के लिए मदद के हाथ बढ़ाकर उसका कन्यादान संपन्न कराया। सोमवार को नगर की बालमुकंद की धर्मशाला में यह विवाह संपन्न हुआ। संस्था के सचिव राजीव अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. नीरज अग्रवाल द्वारा किसी असहाय या निर्धन हिंदू कन्या की शादी का सुझाव दिया गया था। जिस पर समिति के सभी सदस्यों ने विचार विमर्श कर सहमति जताई। सोमवार को आर्थिक रूप से कमजोर एक हिंदू कन्या की शादी का कार्यक्रम लाल कुआं स्थित लाला बालमुकुन्द की धर्मशाला में नर-नारायण सेवा संस्थान द्वारा बड़ी धूमधाम से सम्पन्न कराया गया। नर-नारायण सेवा संस्थान के उपाध्यक्ष डॉ. नीरज अग्रवाल व शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. देवेंद्र गर्ग ने कहा कि इस प्रकार की शादी का आयोजन हमारी संस्था द्वारा प्रथम बार किया जा रहा है। भविष्य में प्रत्येक वर्ष कम से कम एक असहाय अथवा निर्धन हिंदू कन्या की शादी संस्था द्वारा करवाई जाएगी। संस्था द्वारा आयोजित निर्धन कन्या की शादी के मौके पर मौजूद डॉ. डी. के. गर्ग, डॉ. नीरज अग्रवाल, डॉ. सतीश गर्ग, डॉ. अशोक वार्ष्णेय, राजीव अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, राकेश गर्ग, पवन वार्ष्णेय, केशव तायल आदि ने वर वधु को सुखी जीवन का आशीर्वाद दिया।

# डॉ केएन मोदी ग्लोबल की शाखा प्रीटी पेंग्विंस स्कूल में स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** वैभव शर्मा प्रीटी पेंग्विंस स्कूल में दो दिवसीय स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के स्वास्थ्य की जांच करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी मेघराज शर्मा थै। स्कूल नर्स प्रार्थना के साथ फामेर्सी कॉलेज के छात्र शाकिब सैफी, हर्ष शर्मा, हर्षित गुप्ता, मुस्कान शर्मा द्वारा छात्रों की स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के अंतर्गत छात्रों का वजन, ऊंचाई और दांतो की जांच की गई। डॉक्टरों ने छात्रों को स्वस्थ आहार और व्यायाम के महत्व के बारे में भी जानकारी दी तथा साथ ही साथ छात्रों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में भी जागरूक किया और उनका समाधान करने के तरीकों पर चर्चा की गई ।स्कूल हेडमिस्ट्रेस प्रेरणा वर्मा के अनुसार उन्हे अपने छात्रों के स्वास्थ्य और कल्याण की बहुत चिंता है। इस स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम के माध्यम से हम उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में जागरूक करना था।

हमें विश्वास है कि यह कार्यक्रम हमारे छात्रों के लिए बहुत फायदेमंद होगा। कार्यक्रम के अंत में स्कूल हेडमिस्ट्रेस प्रेरणा वर्मा व स्कूल कोऑर्डिनेटर , अंजू भूटानी ने आए हुए मुख्य अतिथियों का और शिक्षकों का इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बहुत धन्यवाद किया।

# विधायक निधि से कराए जाने वाले कार्य का लोकार्पण किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** विधायक डॉ मंजू शिवाच ने क्षेत्र में विधायक निधि से कराए जाने वाले कार्य का शिलान्यास एवं कराए गए कार्य का लोकार्पण किया। मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत पतला के पतला डिग्री कॉलेज में विधायक निधि द्वारा प्रस्तावित कमरा (हॉल) का विधायक डॉ मंजू शिवाच ने शिलान्यास किया। जिसका लागत मूल्य 19.80 लाख रुपये है। इसके अलावा ग्राम डबाना में विधायक निधि द्वारा रतनपाल के घर से कहर सिंह के खेत तक इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य का विधायक डॉ मंजू शिवाच ने लोकार्पण किया। जिसका लागत मूल्य 9.94 लाख रुपये है। इस मौके पर विधायक डॉ मंजू शिवाच ने लोगों से उनका हाल चाल जाना और उनकी समस्याओं को सुनकर सम्बंधित अधिकारीयों को निर्देशित किया। इस अवसर पर राजेंद्र चिकारा (प्रबंधक) पतला डिग्री कॉलेज, अतुल कुमार गोयल जी (प्रिंसिपल) पतला डिग्री कॉलेज, सुनील कुमार (प्रिंसिपल) पतला इंटर कॉलेज, रघु, अजय प्रधान डबाना, तेजवीर चौधरी, लोकेन्द्र, सुनील आदि उपस्थित रहे।

## डा के एन मोदी कॉलेज के छात्रों को शारीरिक व बौद्धिक रूप से सक्षम बनाने की कार्यशाला का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** डॉ केएन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में जिला आर्य प्रतिनिधि सभा गाजियाबाद के तत्वाधान में आर्य समाज मोदीनगर द्वारा आयोजित आर्य वीर दल एवं चरित्र निर्माण शिविर के विषय में विद्यालय के छात्रों को विस्तृत रूप से समझाने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल ने की। कार्यशाला में विद्यालय के छात्रों को मातृ पितृ भक्त, ईश्वर भक्ति, देश भक्ति के साथ-साथ राष्ट्रीय भावना, अनुशासित जीवन, नैतिक शिक्षा भारतीय संस्कृति तथा महर्षि दयानंद सरस्वती की विचारधारा से ओतप्रोत करने व शारीरिक बौद्धिक रूप से सक्षम बनाने तथा कठिनाई व संघर्षों में हंसते हुए जीवन जीने की कला आत्मरक्षा व आत्मविश्वास आदि गुणों को कैसे विकसित किया जाए ।इसके विषय में आर्य समाज मोदीनगर के प्रधान डॉक्टर पवन सिंघल और उनकी टीम द्वारा बच्चों को समझाया गया। शारीरिक में बौद्धिक रूप से व योग द्वारा कैसे हम अपने को स्वस्थ रख सकते हैं इसको प्रदर्शन करने के लिए आर्य वीर दल गुरुकुल लाक्षाग्रह बरनावा के छात्रों द्वारा विभिन्न क्रियाओं को करके प्रदर्शित कर छात्रों को आत्मरक्षा के गुण कैसे हम परेशानी में अपनी रक्षा कर सकते हैं सभी क्रियाओं को करके समझाया गया । आर्य समाज के प्रधान डॉक्टर पवन सिंघल,खेमराज आर्य, संजय पांचाल, सुनील गोयल और गुरुकुल से आए आचार्य जी ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि विद्यालय में एक आवासीय शिविर 26 मई से 1 जून तक आर्य वीर योग एवं चरित्र निर्माण शिविरआयोजित किया जा रहा है।

## पूर्व छात्र मिलन समारोह (सिल्वर थ्रेड्स एलुमनाई मीट-2025) का आयोजन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद, ( अनिल वशिष्ठ)।** राज कुमार गोयल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गाजियाबाद अपने 25 वर्षों के गौरवमयी सफर को पूरा कर चुका है ।इस विशेष अवसर पर एक भव्य एलुमनाई मीट का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्थान के पूर्व छात्र-छात्राओं को एक मंच पर लाकर उनके अनुभवों, उपलब्धियों और यादों को साझा करने का एक अद्वितीय अवसर रहा। संस्थान का उद्देश्य इस आयोजन के माध्यम से अपने पूर्व छात्रों से जुड़ना, उनके योगदान को सम्मानित करना और वर्तमान छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनाना था।

एलुमनाई मीट में न केवल पुराने छात्र-छात्राएं शामिल हुए, बल्कि संस्थान के विभिन्न शिक्षकों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। संस्थान के प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों ने इस आयोजन में बतौर स्पीकर भाग लिया। उन्होंने अपने अनुभवों को साझा किया और वर्तमान छात्रों को प्रेरित किया। इस अवसर पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। संस्थान के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल ने सभी पूर्व छात्रों का स्वागत किया और उन्हें इस महत्वपूर्ण अवसर पर एकजुट होने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह मिलन समारोह सिर्फ एक पुनः मिलने का अवसर नहीं है, बल्कि यह हमारे संस्थान के इतिहास और परंपराओं को आगे बढ़ाने का एक सशक्त कदम है। संस्थान के निदेशक डॉ. बी. सी. शर्मा ने बताया कि संस्थान ने पिछले 25 वर्षों में न केवल शैक्षिक गुणवत्ता में अपार सुधार किया है, बल्कि अपने विद्यार्थियों को एक ऐसा वातावरण प्रदान किया है, जहाँ वे सामाजिक, सांस्कृतिक और पेशेवर दृष्टिकोण से समृद्ध हो सकें। इस कार्यक्रम का आयोजन एलुमनाई एसोसिएशन की सेक्रेटरी डॉ ऋतु अग्रवाल के संरक्षण में जॉइंट सेक्रेटरी सौरभ सिंह, कन्वेनर डॉ नेहा गोयल, प्रिय राणा एवं को-कन्वेनर मिस निशि पाठक द्वारा किया गया।

# एमआईटी में 407 छात्र-छात्राओं को वितरित किए गए टैबलेट

वेलकम इंडिया



**मेरठ।** परतापुर बाईपास स्थित मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में सोमवार को बीटेक और बीफार्मा के छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के निदेशक प्रोफेसर डॉ. के.एल.ए. खान ने कुल 407 छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए।

यह वितरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाई जा रही डीजी शक्ति योजना के अंतर्गत किया गया, जिसका उद्देश्य उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों को डिजिटल माध्यम से सशक्त बनाना है। डॉ. खान ने इस अवसर पर कहा कि ह्लसरकार की यह पहल छात्रों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने के साथ-साथ उनकी पढ़ाई को अधिक सुगम और प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होगी। आज के डिजिटल युग में यह उपकरण शिक्षा का एक अहम हिस्सा बन चुका है। टैबलेट प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं बीटेक की विभिन्न शाखाओं–कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग, सिविल, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन, मैकेनिकल और बी.फार्मा पाठ्यक्रमों से संबंधित थे। इस अवसर पर छात्रों में उत्साह देखने लायक था। उन्होंने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और संस्थान प्रबंधन का आभार जताया।

कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्षों और शिक्षकों की उपस्थिति में किया गया, जहां छात्रों को डीजी शक्ति पोर्टल की कार्यप्रणाली की भी जानकारी दी गई।

## अंतरराष्ट्रीय रेडियोलोजी की फीटल इमेजिंग नामक टॉपिक पर 3 दिवसीय कांफ्रेंस हुई

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** दिल्ली ऐरोसिटी के हॉलिडे इन होटल में अंतरराष्ट्रीय रेडियोलोजी की फीटल इमेजिंग नामक टॉपिक पर 3 दिवसीय कांफ्रेंस हुई जिसमें भाग लेने के लिए देश विदेश से 1000 से ज्यादा रेडियोलॉजिस्ट आए। स्पीकर्स भारत के कोने कोने से आए इसके अलावा कुछ स्पीकर्स विदेश जैसे के इजराइल, इंगलैंड, बार्सिलोना इत्यादि जगह से रहे। स्कैनफेस्ट 2025 नामक इस कॉन्फ्रेंस में मोदीनगर की सुप्रसिद्ध रेडियोलॉजिस्ट डॉ प्राची अवस्थी सिंघल को भी स्पीकर के तौर पर आमंत्रित किया गयाझ गर्भस्थ में पल रहे शिशु के दिल की जांच नामक शीर्षक जिसमें के गर्भ में पाल रहे महज तीन माह के शिशु की दिल का बारीकी से अल्ट्रासाउंड कर दिल के चारों चेम्बर्स , उनके बीच की दिवार, वाल्वस और उनका आपस में अनुपात, ताल मेल, रक्त का संचालन , दिल के अंदर और अंदर से बाहर जाने वाली रक्त कोशिकाओं इत्यादि पर उन्होंने अपने द्वारा किए गए अध्ययन को अपने लेक्चर में प्रस्तुत किया जिसको सुनकर सभी डॉक्टर्स ने काफी प्रशंसा की और बहुत से डॉक्टर्स को कुछ नया सीखने को भी मिला। मोदीनगर के डॉक्टर्स ने भी इसे खूब सराहा।

## श्री कृष्ण बाल लीला एवं गोवर्धन पूजा हुई : शिवांशु महाराज

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर :** रामलीला मैदान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करते हुए शिवांशु महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस में भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला एवं गोवर्धन पूजा का वर्णन किया कथा का प्रसंग वर्णन करते हुए कथावाचक शिवांशु महाराज ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने इंद्र का अहंकार दूर करने के लिए सभी ब्रज वासियों की रक्षा करते हुए गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठा लिया जब इंद्र ने अपनी शक्ति का दुरुपयोग करके ब्रज वासियों को परेशान किया तो सारे बृजवासियों की रक्षा करने हेतु भगवान श्री कृष्णा आए और आकर गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठा लिया तभी सभी बृजवासियों ने गोवर्धन पर्वत के नीचे शरण ली और इसके बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ और उन्होंने श्री कृष्ण से क्षमा याचना की। इसके बाद गोवर्धन पर्वत के पूजन की परंपरा प्रारंभ हुई इस उत्सव पर शिवांशु महाराज ने श्री गोवर्धन महाराज मन रखियो अपने चरणों में भजन पर सभी भक्तों का मन मोहित कर दिया और माहौल भक्तिमय हो गया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा के प्रकाश से कलयुग भी सतयुग में परिवर्तित हो जाता है कलयुग में लगातार पाप क्रोध व अन्याय बढ़ रहा है। ऐसे में भक्तों को अवश्य भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। पांचवें दिन की कथा से पहले पूजन किया गया। पंडित ऋषभ भारद्वाज ने विधिवत पूजा अर्चना कराई। जिसमें यजमान पूजा अग्रवाल धर्मपत्नी कुलदीप गुप्ता परिवार रहे। इस अवसर पर पूजा अग्रवाल धर्मपत्नी कुलदीप गुप्ता, प्रमोद शर्मा मुकुल देव शर्मा, नीरज गौड़, अनुपम शर्मा जागेश शर्मा, आचार्य गोविंद शर्मा, प्रेमोहन सिंह, आदेश शर्मा, किरन शर्मा, डॉ निर्देश चौहान आदि भक्तिगण मौजूद रहे।

## अष्टमी के ऐतिहासिक मेले में श्रद्धालुओं ने चढ़ाया प्रसाद

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा





**नूरपुर :** नूरपुर क्षेत्र के गांव बीरबल उर्फ बूढ़पुर मे अष्टमी के अवसर पर ऐतिहासिक मेले का आयोजन किया गया जिसमें दूर दराज से आए लाखों श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़कर मन्नते मांगी। वैवाहिक वेशभूषा में देवस्थान की परिक्रमा कर प्रसाद चढ़ाया। नवजीवन की खुशाली की मन्नत मांगी। तथा बच्चों का मुंडन कराया।

सर्वप्रथम देव स्थल के पुजारी मेहर सिंह तथा उनके परिवार एवं गांव वालों ने देव स्थल पर पूरे विधि विधान से हवन किया गया इसके उपरांत प्रसाद चढ़ाने वाले श्रद्धालुओं की भीड लग गई। मान्यता है कि यहां देव स्थल पर मन्नतें मांगने पर देवी मां श्रद्धालुओं की मन्नतें पूरी करती है।

देव स्थल परिसर में विशाल मेले का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार की दुकान जैसे प्रसाद, जलेबी, चार्ट पकौड़ी, मिट्टी के बर्तन, सौंदर्य प्रशाधन, लकड़ी के समान, झूले आदि की दुकान सबका मनमोहन रही थी। मेले में भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा इसके साथ-साथ समिति के कार्यकताओं ने भी मेले की व्यवस्था संभाले हुए थे। श्री राम शखा आश्रम की ओर से भंडारे आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ लिया लिय।

# स्कूली बच्चों का डिप्थीरिया व टिटनेस का टीकाकरण किया

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर :** स्योहारा रोड़ स्थित आर आर पब्लिक स्कूल में कक्षा पांच व कक्षा दस के बच्चों के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीकाकरण अभियान चलाया गया। जिसमें डॉ अजय गंधर्व के नेतृत्व में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने स्कूल पहुंचकर छात्र-छात्राओं को डिप्थीरिया व टिटनेस का टीकाकरण किया गया।

आर आर पब्लिक स्कूल में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नूरपुर की टीम द्वारा एक दिवसीय टीकाकरण अभियान चलाया गया। जिसमें स्कूल के कक्षा पांच व कक्षा दस के करीब 120 ? छात्र - छात्राओं को डिप्थीरिया व टिटनेस के टीके लगाए गए।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीकाकरण अधिकारी डॉ रूपधारा देवी ने बताया कि स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें स्कूली बच्चों के खान-पान व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने के अलावा बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए डिप्थीरिया व टीटनेस के टीके लगाए जा रहे हैं। इसके पहले चरण में कक्षा पांच व कक्षा दस के 120 छात्र - छात्राओं ने टीकाकरण अभियान में भाग लिया। उन्होंने सभी बच्चों का टीकाकरण करने की अपील अभिभावकों व शिक्षकों से की है। टीकाकरण के बाद डॉक्टरों ने बच्चों को कुछ सावधानी बरतने की सलाह दी। जिसमें टीकाकरण के बाद बुखार आने पर पेरासिटामोल की एक गोली आवश्य लें। टीकाकरण के स्थान पर दर्द होने पर बर्फ से सिकाई करें। यह अभियान सरकार के दिशा निर्देश में चलाया जा रहा है।

इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता, उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह, एएनएम सीमा चौहान, लोमेश चौहान, कपिल कुमार रीतू चौहान, ? आदि उपस्थित रहे।



# सरकार उठाए पहलगाम हमले पर सख्त कदम , हम साथ हैं :राकेश टिकैत

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता और किसान नेता चौधरी राकेश टिकैत सोमवार को गाजियाबाद जिला न्यायालय में न्यायिक प्रक्रिया के तहत पेश हुए। उनके अधिवक्ता अजयवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री टिकैत एसीजेएम-2 न्यायालय में लंबित दो मामलों में पेश हुए, जहां न्यायालय ने उनके विरुद्ध जारी वारंट को निरस्त करते हुए जमानत मंजूर कर ली। कोर्ट से निकलने के बाद राकेश टिकैत ने मीडिया से संवाद किया और देश की आंतरिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखे। उन्होंने हाल ही में हुए पहलगाम हमले को लेकर कहा, ह्नहम सरकार के साथ हैं, भारत सरकार को जो भी कदम उठाना है, पूरा देश उसके साथ खड़ा है ह्न उन्होंने दोहरी नागरिकता के मुद्दे पर भी सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि अगर कोई भारतीय महिला किसी पाकिस्तानी नागरिक से विवाह करती है, तो उसे भारत में रहने का अधिकार नहीं होना चाहिए।पुराने वाहनों पर सरकार की नीतियों पर बोलते हुए टिकैत ने सुझाव दिया कि दस साल पुराने वाहनों को बंद करने की नीति पर पुनर्विचार होना चाहिए। उन्होंने कहा, ह्नसरकार को यह निर्णय किलोमीटर के हिसाब से लेना चाहिए, न कि केवल आयु के आधार पर। डॉक्टरों, वकीलों और जजों की गाड़ियों की तुलना आम वाहनों से न की जाए।ह्न न्यायालय से बाहर निकलने के बाद चौधरी टिकैत, भाकियू जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह और अन्य पदाधिकारियों के साथ कमला नेहरू नगर स्थित सीबीआई कार्यालय के पीछे चल रहे किसान धरने में शामिल हुए। यह धरना रहीशपुर, रजापुर हरसांव और सिहानी गांवों के किसानों द्वारा 2015 से चलाया जा रहा है, जिनकी मांग है कि उन्हें सीपीडब्ल्यूडी द्वारा भूमि अधिग्रहण के तहत धारा 28ए के अंतर्गत उचित मुआवजा दिया जाए।धरनास्थल पर पहुंचने पर सैकड़ों किसानों ने राकेश टिकैत का जोरदार स्वागत किया। किसानों ने उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया और भावुक स्वर में कहा, ह्नटिकैत साहब ! आपकी पगड़ी म्हारा सम्मान है, हम मिट जाएंगे लेकिन इस पर आंच नहीं आने देंगे।ह्न इस अवसर पर भाकियू के कई वरिष्ठ पदाधिकारी सचिव ओमपाल सिंह, रामकुमार चौधरी, राजेंद्र सिंह, सतेंद्र तेवतिया, अमित चौधरी, विनीत चौधरी, यशवीर सिंह, जय कुमार मलिक और अन्य कई गांवों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# दोहा सम्मेलन में कविता अविराम समेत पांच पुस्तकों का लोकार्पण, तीन दर्जन दोहाकार सम्मानित

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** वसुंधरा के होटल क्रिस्टल पैलेस में देवप्रभा प्रकाशन की ओर से आयोजित भव्य दोहा सम्मेलन में 'कविता अविराम-7ज साझा दोहा संग्रह सहित पांच पुस्तकों 'कृष्णामृत हाला, बूंद-बूंद सागर, सागर की दस लहरों और लोक नाट्य परम्पराज का लोकार्पण हुआ। इस दौरान तीन दर्जन दोहाकारों का सम्मान किया गया। दोहा पाठ सत्र में दूर-दराज से आये दोहाकारों ने देश-दुनिया के विभिन्न मुद्दों पर दोहे सुनाकर वातावरण को मुखर कर दिया। सुप्रसिद्ध कवि एवं देवप्रभा प्रकाशन के प्रकाशक डॉ चेतन आनंद ने अपने स्वागत भाषण में सभी गणमान्य आमंत्रित अतिथियों एवं दोहाकारों का सम्मान किया। इस भव्य लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता गजरौला से पधारीं सुविख्यात महाकवयित्री डॉ मधु चतुर्वेदी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली से सुप्रसिद्ध दोहाकार, गजलकार एवं गीतकार नरेश शांडिल्य की गरिमामयी उपस्थिति रही। जबकि एटा उत्तर प्रदेश से अंतर्राष्ट्रीय कवि डॉ. राकेश सक्सेना, साहिबाबाद से बीके वर्मा 'शैदीज एवं गाजियाबाद से डॉ. सुरेन्द्र शर्मा 'रसिकज विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन से किया। कवयित्री शोभा सचान ने मधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। मंच संचालन का दायित्व कवयित्री कुसुम लता कुसुम पुंडोरा 'कुसुमज ने संभाला। डॉ. चेतन आनंद ने सभी आमंत्रित अतिथियों एवं दोहाकारों का सम्मान अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करके किया। प्रथम सत्र में अतिथियों में डॉ राकेश सक्सेना ने दोहा तकनीक पर प्रकाश डाला। आज के दौर में $गजल और दोहा तकनीक पर भी कुछ विस्तृत जानकारी प्रदान की। नरेश शांडिल्य ने दोहा के भाव पक्ष व अर्थ से संबंधित बहुत ही सूक्ष्म जानकारी व दोहों के नियमों से परिचित कराया। बीके वर्मा 'शैदीज एवं डॉ. मधु चतुर्वेदी ने दोहों की सार्थकता व भाव पक्ष-कला पक्ष की विवेचना की तथा दोहों के मर्म को समझाया।

# कैंसर के खिलाफ चल रही जंग मे ओंको कॉन 2025 का भव्य आयोजन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कैंसर के खिलाफ चल रही जंग को और अधिक संगठित एवं प्रभावशाली बनाने की दिशा में सोमवार को मैक्स संस्थान कैंसर देखभाल केंद्र, वैशाली द्वारा एक ऐतिहासिक पहल करते हुए ओंको कॉन 2025 का आयोजन किया गया। देखभाल की खाई को पाटें (क्लोज द केयर गैप) विषय पर आधारित इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर से 700 से अधिक वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ, शल्य चिकित्सक, विकिरण विशेषज्ञ एवं सामान्य चिकित्सकों ने भाग लिया। ओंको कॉन कैंसर चिकित्सा क्षेत्र के विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर नवीनतम चिकित्सा तकनीकों, रोग पहचान, सटीक उपचार पद्धतियों और समन्वित उपचार दृष्टिकोणों पर चर्चा करने का उच्च स्तरीय मंच बन गया है। इस सम्मेलन में स्तन, फेफड़े, स्त्री रोग संबंधी, जठरांत्र, सिर एवं गर्दन, मूत्र रोग, रक्त विकारों और बाल कैंसर जैसे विविध विषयों पर केन्द्रित सत्र आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त, जीवंत बहस, वास्तविक रोगियों पर आधारित विचार-विमर्श, पैनल चर्चा, कार्यशालाएं और शैक्षणिक पोस्टर प्रस्तुतियाँ भी हुईं। इस अवसर पर मैक्स संस्थान कैंसर देखभाल केंद्र के अध्यक्ष डॉ. हरित चतुर्वेदी ने कहा कि वो समय अब पीछे छूट गया जब कैंसर को जीवन का अंत समझा जाता था। आज हम उन रोगियों की कहानियाँ साझा कर रहे हैं जिन्हें समय रहते उपचार मिलने से नई जिंदगी मिली। उन्नत तकनीक जैसे दा विंची शी रोबोटिक प्रणाली ने हमारे लिए असंभव को संभव बनाया है। यह सब चिकित्सा विज्ञान की तेज प्रगति का परिणाम है। ओंको कॉन जैसे मंचों के जरिए हम देश के अग्रणी विशेषज्ञों को एक साथ लाने में सफल रहे हैं। सम्मेलन के दौरान रोग प्रबंधन समूहों पर केंद्रित चर्चाएं हुईं, जिनमें जटिल मामलों में समन्वित चिकित्सा दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया गया। रक्त विकारों पर विशेष कार्यशाला में नवीनतम उपचार विधियों पर गहन चर्चा की गई। रोबोटिक शल्य चिकित्सा प्रणाली दा विंची शी की सूक्ष्मता और सटीकता को प्रस्तुत किया गया, जिससे चिकित्सा जगत को भविष्य की झलक मिली।

# 35 नव चयनित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को महापौर सुनीता दयाल ने दिए नियुक्ति पत्र

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शहर की बाल विकास परियोजना के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकताओं के रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पूर्व में कुल 57 पद रिक्त थे, जिनमें से 35 पदों पर नव चयनित कार्यकताओं की नियुक्ति की गई। इस उपलक्ष्य में सोमवार को नगर निगम मुख्यालय के सभागार में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर सुनीता दयाल उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने करकमलों से सभी नव चयनित आंगनबाड़ी कार्यकताओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर महापौर ने सभी नियुक्त कार्यकताओं को सरकार की मंशा के अनुरूप समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों तक समस्त सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने, तथा निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, आप सभी का चयन अत्यंत महत्वपूर्ण पद के लिए हुआ है। यह सिर्फ नौकरी नहीं, बल्कि एक सामाजिक जिम्मेदारी है जिससे समाज को नई दिशा मिल सकती है। महापौर ने आंगनबाड़ी केंद्रों में संचालित प्रमुख योजनाओं जैसे पोषण आहार वितरण, गरम पका भोजन योजना (हॉट कुक मील), तथा 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों की पूर्व-विद्यालयी शिक्षा जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि देश में कुपोषण को जड़ से समाप्त करने की दिशा में यह नियुक्तियां मील का पत्थर साबित होंगी।

उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे सरकार के विश्वास को कायम रखते हुए अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें, ताकि समाज का कोई भी वर्ग किसी भी योजना से वंचित न रहे। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकताओं को एक नई सामाजिक पहचान बनाने और भारत के भविष्य को उज्जवल बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविका सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# अस्थमा को कलंक नहीं: सही जानकारी और समय पर इलाज से जीवन रह सकता है पूर्णत: सामान्य

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** हर वर्ष मई महीने के पहले मंगलवार को मनाया जाने वाला विश्व अस्थमा दिवस इस बार फिर लोगों को अस्थमा जैसी दीर्घकालिक श्वसन बीमारी के प्रति जागरूक करने और उसके प्रभावी नियंत्रण के संदेश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एकेडमी ऑफ फैमिली फिजिशियंस ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. रमन कुमार ने अस्थमा के बारे में फैली भ्रांतियों को दूर करने और इसके वैज्ञानिक प्रबंधन को अपनाने की अपील की। डॉ. कुमार ने कहा कि अस्थमा कोई लाइलाज बीमारी नहीं है। यह एक पुरानी लेकिन पूर्णतः नियंत्रण योग्य स्थिति है, जिसे सही जानकारी, समय पर पहचान और नियमित उपचार से पूरी तरह काबू में रखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि अस्थमा से पीड़ित व्यक्तियों को सामान्यतः सांस लेने में कठिनाई, सीने में जकड ?, बार-बार खांसी और हल्के शारीरिक परिश्रम पर भी सांस फूलने जैसी समस्याएं होती हैं। ये लक्षण वातावरण में मौजूद धूल, परागकण, धुआं, प्रदूषण या एलर्जी से जुड़े किसी तत्व के संपर्क में आने पर और अधिक गंभीर हो सकते हैं। डॉ. रमन कुमार ने कहा कि आज भी भारत में करोड़ों लोग अस्थमा से प्रभावित हैं, किंतु जानकारी की कमी, सामाजिक संकोच और चिकित्सा संबंधी भ्रांतियों के चलते अनेक मरीज समय पर इलाज नहीं कराते या उपचार अधूरा छोड़ देते हैं।

# हँसी के रंग में रंगा सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल, विश्व हास्य दिवस पर गूँजी ठहाकों की गूंज



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** विश्व हास्य दिवस के अवसर पर सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल की नेहरू नगर शाखा में एक शानदार और उल्लासपूर्ण आंतरिक नाट्य स्पर्धा का आयोजन किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और हास्य बोध को मंच प्रदान करने वाला अद्वितीय अवसर बना। कक्षा पाँचवीं से आठवीं तक के छात्रों ने एकल एवं समूह नाट्य प्रस्तुतियों में हास्य, नकल (मिमिक्री), चुटकुले और हास्य कथाओं के माध्यम से समाज में व्याप्त विसंगतियों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। छात्रों की रचनात्मकता, संवाद अदायगी और मंच संचालन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और सभागार बार-बार तालियों की गडगड़ाहट से गूंज उठा। मुख्य अतिथि सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि हँसाना एक कला है, बच्चे इस कला में निपुण हो रहे हैं। हँसाना सबसे कठिन कार्य है, लेकिन इन बच्चों ने जिस सहजता और सूझबूझ के साथ लोगों को हँसाया, वह सराहनीय है। इनकी कल्पनाशीलता और प्रस्तुति ने मुझे भी आश्चर्यचकित किया। उन्होंने स्कूल प्रबंधन को इस अनूठे आयोजन के लिए बधाई दी और बच्चों को आगे भी सृजनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण किए जाए निस्तारण: दीपक मीणा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में सोमवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी दीपक मीणा ने आम जनमानस की समस्याओं को सुना। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित दर्जनों शिकायतें और आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिन पर तत्परता से कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। जनसुनवाई में पहुँचे प्रत्येक फरियादी की बात को श्री मीणा ने पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण सिर्फ औपचारिकता नहीं होना चाहिए, बल्कि यह सुनिश्चित किया जाए कि समाधान गुणवत्ता पूर्ण और पीड़ित के संतोषजनक हो। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करें, जिससे आम जनता का शासन प्रशासन में विश्वास और सुदृढ़ हो। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि समाधान का सशक्त प्लेटफार्म है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सौरभ भट्ट भी उपस्थित रहे, जिन्होंने जनसुनवाई प्रक्रिया का पर्यवेक्षण किया और शिकायतकताओं को आवश्यक सहायता भी उपलब्ध कराई। जनसुनवाई के इस आयोजन ने प्रशासन की जनसरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः दशार्या, जहां नागरिकों की शिकायतों को प्राथमिकता दी जा रही है और समाधान के लिए स्पष्ट निर्देश दिए जा रहे हैं।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में हर्बल दवाओं की गुणवत्ता नियंत्रण विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय के औषधि विज्ञान अध्ययनशाला (स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज) द्वारा सोमवार को हर्बल दवाओं की गुणवत्ता नियंत्रण विषय पर सोमवार को एक अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं विचारोत्तेजक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस शैक्षणिक कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिष्ठित वैज्ञानिक डॉ. आर.के. पवार उपस्थित रहे, जो वर्तमान में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी औषधि औषधालय आयोग (पीसीआईएम एंड एच) में विश्लेषक एवं अनुसंधान सहायक (रसायन विज्ञान) के पद पर कार्यरत हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रोफेसर (डॉ.) शालिनी शर्मा, निदेशक, औषधि विज्ञान अध्ययनशाला द्वारा किया गया। उन्होंने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की शैक्षणिक दृष्टि और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने मुख्य अतिथि के प्रति विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अकादमिक उत्कृष्टता और वैज्ञानिक सोच से सशक्त करते हैं। डॉ. पवार ने अपने व्याख्यान में हर्बल औषधियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक विभिन्न परीक्षण विधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने मैक्रोस्कोपिक एवं माइक्रोस्कोपिक जांच, दूषकों की पहचान, भारी धातु, कीटनाशक अवशेष एवं सूक्ष्मजीवजनित संदूषण की जांच जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

# बिकानेरवाला रेस्टोरेंट में खाद्य विभाग की छापेमारी, सैंपल जांच को भेजे गए

वेलकम इंडिया

> बिकानेरवाला जैसे नामी ब्रांड से इस तरह की लापरवाही की उम्मीद किसी को नहीं थी। इस घटना के बाद ग्राहक सोशल मीडिया पर रेस्टोरेंट की आलोचना कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि नाम और प्रतिष्ठा के दम पर उपभोक्ताओं का भरोसा लिया जाता है, लेकिन जब जिम्मेदारी निभाने की बारी आती है, तो रेस्टोरेंट असफल साबित हो रहे हैं। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि जांच रिपोर्ट में खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाया गया, तो रेस्टोरेंट पर जुमार्ना लगाया जा सकता है, उसका लाइसेंस निलंबित या रद्द किया जा सकता है और अन्य कानूनी कदम भी उठाए जा सकते हैं।

**गाजियाबाद।** प्रतिष्ठित बिकानेरवाला रेस्टोरेंट पर बासी और अस्वच्छ खाना परोसने का मामला प्रकाश में आया है। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर स्थित लालकुआं क्षेत्र के इस रेस्टोरेंट में खाने की गुणवत्ता को लेकर की गई शिकायत के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग ने कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और रसोई से खाद्य सामग्री के नमूने एकत्र किए। मामले ने सोशल मीडिया पर भी जोर पकड़ लिया है और ग्राहकों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि 20 अप्रैल को वह अपने परिवार के साथ रात्रिभोज के लिए बिकानेरवाला रेस्टोरेंट गई थीं। शुरू में परोसा गया खाना ठंडा था, लेकिन प्रतिष्ठित ब्रांड के नाम पर भरोसा करते हुए उन्होंने खाना खा लिया। जब चने की सब्जी परोसी गई, तो उसमें से तेज दुर्गंध आ रही थी। पूछताछ करने पर स्टाफ ने बताया कि वह सब्जी सुबह की बनी हुई थी। स्टाफ ने गलती स्वीकारते हुए बिल माफ करने की पेशकश की, लेकिन महिला ने पूरा बिल चुकाकर उसकी रसीद भी ली।

रात्रिभोज के कुछ घंटों बाद ही महिला की तबीयत बिगड ? लगी, और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इसके बाद उन्होंने इस पूरे प्रकरण को सोशल मीडिया मंच 'एक्सज (पूर्व में ट्विटर) पर साझा किया और खाद्य विभाग में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए 5 मई को गाजियाबाद के खाद्य सुरक्षा अधिकारी रेस्टोरेंट पहुंचे। निरीक्षण के दौरान रसोई की हालत बेहद खराब पाई गई। बर्तन, चम्मच और खाना पकाने के अन्य उपकरण गंदगी से सने हुए थे। फर्श पर गंदगी फैली थी और संक्रामक परिस्थितियों में खाना तैयार किया जा रहा था। खाद्य विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए खाद्य पदार्थों के सैंपल इक्ा किए, जिन्हें प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया है।

